**NEET Bulletin Helpline No.**
**8800265682**
**Completely NEET Counselling Guidance specially for**
MBBS BDS BAMS BHMS BUMS
B.Sc Nursing GNM D./ B. Pharma
BPT MPT D/BMLT D.Optometry
OT Technician Clinical Research
B.Sc Ag. Micro Bio Bio Chem
Bio tech. BNYS etc.

R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# विजडम इंडिया

निर्भीक और बेबाक अभिव्यक्ति

EMAIL: sheelshukla100@gmail.com

लखनऊ से प्रकाशित

वर्षः 13 अंकः 119 लखनऊ, मंगलवार 12 दिसंबर 2023 मूल्यः 02 रुपये पृष्ठ- 08

## पीओके हमेशा से हमारा है, अमित शाह बोले– देश की 1 इंच जमीन भी जाने नहीं देंगे, कांग्रेस ने 40 साल तक गलतियां की

एजेंसी।

नई दिल्ली अमित शाह ने इस बात पर भी जोर दिया कि जम्मू कश्मीर को राज्य का दर्जा मिलेगा। उन्होंने कहा कि आज सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद कांग्रेस पार्टी ने प्रेस की और कहा कि धारा 370 को गलत तरीके से हटाया गया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज राज्यसभा में दो विधेयक – जम्मू और कश्मीर आरक्षण (संशोधन) विधेयक, और जम्मू और कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक, 2023 पर हुए चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि जवाहरलाल नेहरू कश्मीर को देखते थे और उन्होंने इसे बीच मझधार में ही छोड़ दिया। जवाहरलाल नेहरू ने माना था कि कश्मीर को लेकर उनसे गलती हुई है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि हमारी संवेदनाएं



आतंकवादियों के लिए बिल्कुल नहीं है। उन्होंने दावा किया कि पत्थरबाजी करने वाले हाथों में अब लैपटॉप है। इसके साथ ही उन्होंने साफ तौर पर कहा कि पीओके हमेशा से भारत का है। उन्होंने कहा कि 1 इंच भी देश का जमीन हम जाने नहीं देंगे। कांग्रेस ने 40 साल तक गलतियां की है। अमित शाह ने इस बात पर भी जोर दिया कि जम्मू कश्मीर को राज्य का दर्जा मिलेगा। उन्होंने कहा कि आज सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद कांग्रेस पार्टी ने प्रेस की और कहा कि धारा 370 को गलत तरीके से हटाया गया है। देश की संसद की दोनों सदनों ने राष्ट्रपति के सीईओ को अनुमोदना दिया, कानून पारित हो गया, कानून नोटिफाइड हो गया, किसी ने सुप्रीम कोर्ट में कानून को चौलेंज किया, सुप्रीम कोर्ट ने इस पर बहस हुई, पांच जजों की बेंच बनी और आज इस पर फैसला भी आ गया। मगर सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद ये (कांग्रेसी) कहते हैं कि हम इसको नहीं मानते हैं और हम मानते हैं कि धारा 370 को गलत तरीके से हटाया गया है। मैं इनको नहीं समझा सकता कि वास्तविकता क्या है। गृह मंत्री ने कहा कि कमजोर और वंचित वर्ग, ये जो नाम है ये किसी भी नागरिक की कपहदपजल को बहुत हर्ट करने वाले है। मैं आज जो दो बिल लेकर आया हूं उसमें से पहले बिल में कमजोर और वंचित वर्ग की जगह अन्य पिछड़ा वर्ग ये नाम जोड़ने का फैसला लिया है। दूसरा बिल– जम्मू कश्मीर में 80 के दशक से आतंकवाद की शुरुआत हुई और 89 तक चरम सीमा तक पहुंचा। जिस कारण से कश्मीरी पंडित और सिख भाई घाटी छोड़कर पूरे देश में बिखर गए। सभी राज्यों ने कश्मीरियों को गले लगाया। जम्मू कश्मीर में वर्षों से अलग अलग जगहों से विस्थापित हुए कश्मीरी लोगों को सम्मान देने के लिए ये बिल लाया गया है। उन्होंने कहा कि जहां तक घ्धतंग नजरियों का सवाल है, देश की एक भी इंच जमीन का सवाल है, हमारा नजरिया तंग रहेगा, हम दिल बड़ा नहीं कर सकते। किसी को भी अपना बड़ा दिल दिखाने के लिए हमारी जमीन का एक हिस्सा देने का अधिकार नहीं है। शाह ने कहा कि अभी कहा गया कि नेहरू जी के कारण कश्मीर यहां है। मैं आज कहना चाहता हूं जो आजादी के बाद भारत की रचना घ्को जानते ह

## अयोध्या की मूर्तियों में भी दिखेगी मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की झलक

संवाददाता।

लखनऊ इस दृष्टिगत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में श्नव्य अयोध्याश का निर्माण हो रहा है। सीएम का प्रयास है कि यहां पूरी दुनिया को पारंपरिक, सांस्कृतिक धरोहर से लेकर आधुनिकता की झलक देखने को मिले। इसके लिए योगी सरकार ने देश ही नहीं, बल्कि विदेश के कलाकारों को भी आमंत्रित किया है। लखनऊ। अयोध्या के राजा श्रीराम के स्वागत को पूरी दुनिया बेताब है। 22 जनवरी 2024 को 500 वर्षों के उपरांत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के करकमलों से मर्यादा पुरुषोत्तम अपने दिव्य–भव्य मंदिर में विराजमान होंगे। इस दृष्टिगत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ



के नेतृत्व में श्नव्य अयोध्याश का निर्माण हो रहा है। सीएम का प्रयास है कि यहां पूरी दुनिया को पारंपरिक, सांस्कृतिक धरोहर से लेकर आधुनिकता की झलक देखने को मिले। इसके लिए योगी सरकार ने देश ही नहीं, बल्कि विदेश के कलाकारों को भी आमंत्रित किया है, जो अपनी मूर्तिकला और चित्रकला से मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम के जीवन को उकेरेंगे। साथ ही लोगों के दिलों और दिमाग पर भव्य उद्घाटन समारोह की अमिट छाप छोड़ेंगे। योगी सरकार प्रभु श्रीराम के मंदिर उद्घाटन समारोह को जल, नभ और थल से भव्य रूप देने के लिए कई महत्वपूर्ण आयोजन करेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बीते दिनों उच्च स्तरीय बैठक में अधिकारियों को मूर्तिकला के जरिये प्रभु श्रीराम के जीवन के विभिन्न प्रसंगों का उल्लेख करने के निर्देश दिये थे, क्योंकि हमारी मूर्तिकला पूरे विश्व में सबसे पुरानी कला है। यह कला लोगों को युगों–युगों तक इतिहास से जोड़ती आई है। ऐसे में मंदिर के उद्घाटन समारोह में आने वाली पीढ़ियों को युगों–युगों तक यादगार बनाने और कलाओं के संरक्षण– संवर्धन के लिए मूर्ति–शिल्प कला की कार्यशाला के आयोजन के निर्देश दिये थे।

## दुर्घटनाओं को टालने के लिए वाहनों पर लगाए लाल पीले रिफ्लेक्टीव टेप

मथुरा। राष्ट्रीय राजमार्ग 19 पर शीत कालीन ऋतु में घना कोहरा होने लगा है जिसको लेकर जागरूक अभियान हाईवे टीम द्वारा लगातार सभी टोल प्लाजाओं पर रिफ्लेक्टिव टेप लगाने के साथ ,सभी वाहन स्वामियों को यात्रा के समय सीट बेल्ट का उपयोग ,फॉग लाइट का उपयोग ,डिपर आदि का उपयोग और घाना कोहरा होने पर बेहद जरूरी होने पर यात्रा करने आदि के बारे



में लगातार अलग अलग जगहे पर राजमार्ग पर अभियान चलाकर समझाया जा रहा है। इसके साथ जनपद मथुरा में हाईवे टीम सम्बंदित थाना पुलिस व ट्रैफिक पुलिस के साथ मिलकर राजमार्ग पर से ई रिक्शा को प्रतिबंधित करने का अभियान चलाया जा रहा है क्यूंकि ई रिक्शा की कम गति होने के कारण दुर्घटना होने की सम्भावना ज्यादा होती है। एसपी ट्रैफिक द्वारा राजमार्ग पर स्तिथ मथुरा जनपद के सभी थानों को आवश्यक कार्यवही के दिशा निर्देश दिये गये है। घटनाओं को लेकर के यातायात वाहनों पर महुवन टोल प्लाजा पर सैकड़ो वाहनों पर रिफ्लेक्टीव टेप लगाएं व मौजूद यातायात राष्ट्रीय राजमार्ग टोल कर्मचारियों ने वाहन स्वामियों को जागरूक किया।

## 100 करोड़ से स्मार्ट बनेगी स्मार्ट सिटी की विद्युत व्यवस्था

(मथुरा)(ए.के.शर्मा) कान्हा की नगरी की विद्युत व्यवस्था को स्मार्ट बनाया जा रहा है। धर्म नगरी में लगातार विकास कार्य हो रहे हैं। साथ ही कॉलोनियों का फैलाव हो रहा है और जनसंख्या घनत्व भी बढ़ रहा है। बिजली की मांग बढ़ रही है और खपत में भी इजाफा हो रहा है। इसके चलते विद्युत विभाग के लिए स्मार्ट सिटी की होड में दौड़ रही कान्हा की नगरी को सुचारू और निर्बाध बिजली आपूर्ति चुनौती पूर्ण हो गई है। गर्मियों के मौसम में अतिरिक्त लोड बढ़ जाता है। ट्रिपिंग, ओवर लोडिंग, ब्रेकडाउन जैसी समस्याएं पैदा हो जाती हैं। इस प्रकार की तमाम समस्याओं से उपभोक्ताओं को छुटकारा दिलाने के लिए विद्युत विभाग की ओर से 10 नए बिजली घरों के निर्माण के लिए मुख्यालय को प्रस्ताव भेजा गया है। इनके निर्माण पर लगभग 100 करोड रूपये की लागत आने का अनुमान है। विभाग द्वारा 7981 कनेक्शनों पर लोड भी बढ़ाया गया है। इसमें घरेलू और कमर्शियल दोनों प्रकार के उपभोक्ता शामिल हैं। इस प्रकार शहरी क्षेत्र में लगभग 14 मेगावाट का लोड बढा है। नये प्रस्तावित बिजलीघर रॉल, सुनरख बांगर, राजपुर, सराय आजमाबाद, गणेशरा रोड, डेम्पीयर, सदर, बालाजीपुरम आदि स्थानों पर नये बिजली घर प्रस्तावित हैं। इनके बनने से जो पहले से बिजलीघर चल रहे हैं उन पर लोड घटेगा, मौजूदा समय में एक बिजली घर से 100 से 150 एंपियर तक का लोड होना चाहिए जो कि मौजूदा वक्त में 250 से 260 एंपियर तक जा रहा है, जिससे कि ब्रेक डाउन जैसी समस्याएं आती रहती हैं। नए बिजली घर बनने के बाद समस्त शहरी उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली मिल सकेगी।

## नगर निगम ने 207 अवैध होर्डिंग बैनर हटाए

मथुरा।सड़कों पर आवागमन को सुगम बनाने और सड़कों को अतिक्रमण मुक्त किये जाने को लेकर नगर निगम लगातार अभियान चला कर कार्यवाही कर रहा है। एक ही दिन में निगम की कार्यवाही में 207 अवैध होर्डिंग बैनर को हटवाया गया। नगर आयुक्त शशांक चौधरी के निर्देशानुसार समस्त जोनल प्रभारियों के द्वारा अपने अपने जोन में अभियान चलाकर अवैध होर्डिंग बैनर एवं क्योस्क बोर्ड हटाकर जब्त किए गए। इसी क्रम में छटीकरा से प्रेम मंदिर रोड तक नगर निगम सीमांतर्गत गोवर्धन रोड पर औरंगाबाद से टाउनशिप तिराहे तक आदि स्थलों पर अभियान चलाकर अवैध होर्डिंग बैनर एवं कियोस्क बोर्ड को हटवाया गया। नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत कुल 207 अवैध होर्डिंग बैनर एवं क्योस्क बोर्ड को हटवा कर जब्त किया गया।

## मध्यप्रदेश मोहन यादव के सामने कई बड़ी चुनौतियां, 2024 को लेकर पूरे करने होंगे वादे

एजेसी।

मध्य प्रदेश। मोहन यादव के पिता पूनम चंद यादव अपने बेटे को मध्य प्रदेश का नया मुख्यमंत्री चुने जाने के बाद कहा कि मैंने कभी नहीं सोचा था कि मेरा बेटा राज्य का मुख्यमंत्री बनेगा लेकिन यह माता और बाबा महाकाल का आशीर्वाद है। मध्य प्रदेश के मनोनीत मुख्यमंत्री मोहन यादव ने बड़ी जिम्मेदारी देने के लिए पीएम नरेंद्र मोदी, अमित शाह, जेपी नड्डा, शिवराज सिंह चौहान, वीडी शर्मा का धन्यवाद दिया। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि मैं पीएम मोदी के विकास कार्यों को आगे बढ़ाऊंगा। उन्होंने कहा कि यह केवल भाजपा पार्टी ही है जो मेरे जैसे छोटे कार्यकर्ता को इतनी बड़ी जिम्मेदारी दे सकती है। मैं राज्य की विकास यात्रा को आगे बढ़ाऊंगा। मोहन यादव के लिए राज्य में कई बड़ी जिम्मेदारियां सामने हैं। भाजपा के वादों के पूरा करने में उन्हें तत्काल कदम उठाने होंगे। कुछ महीनें में ही 2024 का लोकसभा चुनाव होना है। राज्य में लोकसभा की 29 सीटें हैं। इसके अलावा उन्हें पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से भी समन्वय बना के रखना होगा। राज्य के कई बड़े नेता राज्य में हैं जो उनसे सीनियर भी हैं। मध्य प्रदेश बीजेपी अध्यक्ष वीडी शर्मा ने कहा कि बैठक में बीजेपी के वरिष्ठ नेता शिवराज सिंह चौहान ने मध्य प्रदेश विधायक दल के नए नेता के तौर पर मोहन यादव का नाम प्रस्तावित किया। नरेंद्र सिंह तोमर, कैलाश विजयवर्गीय, प्रह्लाद पटेल और अन्य वरिष्ठ नेताओं ने प्रस्ताव का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि मैं पूरे नेतृत्व को बधाई देता हूं और ऐसे कार्यकर्ता (मोहन यादव) को चुनने के लिए आभार व्यक्त करता हूं जो विचारधारा के प्रति समर्पित हैं और अपनी कड़ी मेहनत से इसके लिए काम करने के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया है। मोहन यादव के पिता पूनम चंद यादव अपने बेटे को मध्य प्रदेश का नया मुख्यमंत्री चुने जाने के बाद कहा कि मैंने कभी नहीं सोचा था कि मेरा बेटा राज्य का मुख्यमंत्री बनेगा लेकिन यह माता और बाबा महाकाल का आशीर्वाद है। मोहन यादव को लेकर उनकी बहन ने कहा कि भगवान महाकाल का आशीर्वाद है, पार्टी का आशीर्वाद है। वह 1984 से भाजपा के



साथ काम कर रहे हैं। वह जब भी उज्जैन आते थे, तो महाकाल की पूजा करने जाते थे। मध्य प्रदेश के नए मुख्यमंत्री मोहन यादव की पत्नी ने कहा कि हमारी खुशी का ठिकाना नहीं है। हां, उनका नाम चल रहा था लेकिन हमें ठीक से पता नहीं था। भगवान ने उन्हें उनकी मेहनत का फल दिया है। यादव, जिन्हें मुख्यमंत्री पद के दावेदारों में नहीं देखा गया था, को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) का करीबी माना जाता है। वह तीन बार के विधायक और एक प्रमुख ओबीसी नेता हैं। ओबीसी मप्र की आबादी का 48 प्रतिशत से अधिक हैं। वह पहली बार 2013 में उज्जैन दक्षिण से विधायक चुने गए। इसके बाद 2018 और फिर 2023 में विधानसभा सीट बरकरार रखी। मध्य प्रदेश में भाजपा की ओर से लोक लुभावने वादे किए गए थे जिसे लोकसभा चुनाव से पहले पूरा करने की चुनौती होगी। मध्य प्रदेश में 450 रुपए में गैस सिलेंडर मुहैया कराना, गरीब परिवार की बच्चियों की 12वीं तक की पढ़ाई मुफ्त, हर महीने 100 यूनिट तक की बिजली सिर्फ घ्100 में, लाडली बहन योजना के तहत गरीब महिलाओं को हर महीने 1250 रुपए दिए जा रहे हैं, आने वाले समय में से 3000 तक करने का वादा किया गया है। किसान सम्मान के तहत घ्12000 देने की बात कही गई है। वहीं गेहूं की खरीद 2700 रुपए प्रति क्विंटल और चावल की खरीद 3100 रुपए प्रति क्विंटल खरीदने का भी वादा है।

## छत्तीसगढ आदिवासी नेता विष्णु देव साय पर ही भाजपा ने क्यों लगाया दांव, 2024 को लेकर क्या है रणनीति ?

एजेंसी।

छत्तीसगढ़ विष्णु देव साय प्रमुख आदिवासी नेता हैं। छत्तीसगढ़ में आदिवासी निर्णायक भूमिका में होती हैं। राज्य की 32 फीसदी आबादी आदिवासी हैं और 29 सीटे अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित है। इन 29 सीटों में से भाजपा ने 17 पर जीत हासिल की है। छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री पद को लेकर सस्पेंस खत्म करते हुए भाजपा ने आदिवासी नेता विष्णु देव साय पर बड़ा दांव लगाया है। उन्हें विधायक दल का नेता चुन लिया गया। ऐसे में कहीं ना कहीं विष्णु देव साय वह आदमी है जिनके ऊपर छत्तीसगढ़ के विकास की जिम्मेदारी अगले 5 सालों तक रहने वाली है। साथ ही साथ उनपर 2024 में पार्टी को प्रचंड विजय दिलाने की भी जिम्मेदारी रहेगी। हालांकि, छत्तीसगढ़ में कई बड़े नाम थे जिन पर दांव लगाया जा सकता था। लेकिन विष्णु देव साय पर ही आलाकमान ने अपनी मुहर लगाई है। लेकिन ऐसा क्यों? हम आपको वह बातें बता रहे हैं जो विष्णु देव साय के पक्ष में गया। – विष्णु देव साय प्रमुख आदिवासी नेता हैं। छत्तीसगढ़ में आदिवासी निर्णायक भूमिका में होती हैं। राज्य की 32 फीसदी आबादी आदिवासी हैं और 29 सीटे अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित है। इन 29 सीटों



में से भाजपा ने 17 पर जीत हासिल की है। यही कारण है कि पहले भी माना जा रहा था कि छत्तीसगढ़ में भाजपा किसी आदिवासी चेहरे पर दांव लगा सकती है। – विष्णु देव साय की बात करें तो कहीं ना कहीं वह साफ सुथरी छवि वाले नेता हैं। लंबे समय से सियासत में रहने के बावजूद भी उनके ऊपर कोई बड़ा आरोप नहीं है। वे पूरी तरीके से जमीन से जुड़े हुए नेता है जिनके खिलाफ आपराधिक मामला भी दर्ज नहीं है। विष्णु देव साय को आगे कर भाजपा ने संदेश देने की कोशिश की है कि वह ईमानदार नेताओं को आगे करती है। साथ ही साथ उन नेताओं को ऊपर के पदों तक पहुंचती है ।

## भाजपा ने सीएम की जिम्मेदारी देकर सबको चौंकाया

एजेंसी।

नई दिल्ली मोहन यादव उज्जैन जिले के उज्जैन दक्षिण निर्वाचन क्षेत्र से मध्य प्रदेश विधान सभा के सदस्य हैं। मनोनीत होने पर मोहन यादव ने कहा कि मैं केंद्रीय नेतृत्व, प्रदेश नेतृत्व का आभार व्यक्त करता हूं कि मेरे जैसे छोटे से कार्यकर्ता को यह जो जवाबदारी दी है। मध्य प्रदेश में नवनिर्वाचित भाजपा विधायकों ने डॉ. मोहन यादव को राज्य का नया मुख्यमंत्री चुना है। इस महीने की शुरुआत में बीजेपी ने मध्य प्रदेश में 166 सीटें जीतकर प्रचंड जीत हासिल की थी। मोहन यादव उज्जैन जिले के उज्जैन दक्षिण निर्वाचन क्षेत्र से मध्य प्रदेश विधान सभा के सदस्य हैं। मनोनीत होने पर मोहन यादव ने कहा कि मैं केंद्रीय नेतृत्व, प्रदेश नेतृत्व का आभार व्यक्त करता हूं कि मेरे जैसे छोटे से कार्यकर्ता को यह जो जवाबदारी दी है। आपके प्यार और सहयोग से मैं अपनी जिम्मेदारियां पूरी करने का प्रयास करूंगा।– वह पहली बार 2013 में उज्जैन दक्षिण सीट से विधायक बने थे। उन्होंने 2018 और 2023 में इसी सीट से विधानसभा चुनाव जीता। – मोहन यादव 2020 से शिवराज सिंह चौहान की सरकार में कैबिनेट मंत्री भी थे। – हाल के 2023 के मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव




में, मोहन यादव ने कांग्रेस उम्मीदवार चेतन प्रेमनारायण यादव के खिलाफ 12,941 वोटों के अंतर से जीत हासिल करते हुए, उज्जैन दक्षिण निर्वाचन क्षेत्र में अपनी सीट का सफलतापूर्वक बचाव किया। इस जीत ने विधायक के रूप में उनका लगातार तीसरा कार्यकाल चिह्नित किया, जिसमें उन्हें 95,699 वोट मिले। – मोहन यादव का जन्म 25 मार्च 1965 को हुआ था। उनका जन्म उज्जैन में हुआ था। उनके पिता का नाम पूनमचंद यादव है। – उनकी शादी सीमा यादव से हुई है। उनके दो बेटे और एक बेटी है। – मोहन यादव के पास बीएससी, एलएलबी, एमए, एमबीए और पीएचडी समेत कई शैक्षणिक डिग्रियां हैं। – मोहन यादव मध्य प्रदेश में भाजपा के भीतर एक प्रमुख ओबीसी (अन्य पिछड़ा वर्ग) व्यक्ति के रूप में खड़े हैं। अपने नाम के साथ पीएचडी की डिग्री के साथ, वह 2004 से 2010 तक उज्जैन विकास प्राधिकरण और बाद में 2011 से 2013 तक एमपी राज्य पर्यटन विकास निगम जैसे महत्वपूर्ण निकायों की अध्यक्षता करते हुए, अनुभव का खजाना लेकर आए हैं। – उनकी राजनीतिक यात्रा 1984 में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के साथ जुड़ने से शुरू हुई और पिछले कुछ वर्षों में वह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से जुड़े एक प्रभावशाली नेता बन गए हैं। –

## वसुंधरा राजे पर बीजेपी लगाएगी दांव या सामने आएगा कोई नया चेहरा ? मंगलवार को होगा सीएम का फैसला

एजेंसी।

राजस्थान रविवार को राजनाथ सिंह ने दिल्ली के राजघाट के पास 10 फुट ऊंची गांधी प्रतिमा का उद्घाटन किया। शनिवार को, वह मुंबई में थे जहां वह एक कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) उत्कृष्टता पुरस्कार समारोह में भाग ले रहे थे राजस्थान के श्कौन बनेगा मुख्यमंत्रीश रहस्य का जवाब अगले 24 घंटों में मिल जाएगा। बीजेपी ने मंगलवार को विधायक दल की बैठक बुलाई है, जिसमें नवनिर्वाचित बीजेपी विधायक अपना सीएम चुनेंगे। राज्य भाजपा प्रमुख सीपी जोशी ने रविवार को कहा कि विधायक ष्जल्द हीष मिलेंगे। पता चला है कि तीनों पर्यवेक्षक रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राज्यसभा सांसद सरोज पांडे और बीजेपी के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े मंगलवार को जयपुर पहुंचेंगे। सिंह के कार्यक्रम पहले से निर्धारित थे जिसके कारण उन्हें अपनी राजस्थान यात्रा में कुछ दिनों की देरी करनी पड़ी। रविवार को राजनाथ सिंह ने



दिल्ली के राजघाट के पास 10 फुट ऊंची गांधी प्रतिमा का उद्घाटन किया। शनिवार को, वह मुंबई में थे जहां वह एक कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) उत्कृष्टता पुरस्कार समारोह में भाग ले रहे थे। पूर्व सीएम वसुंधरा राजे, जिनसे कई नवनिर्वाचित विधायक समर्थन दिखाने के लिए उनके आवास पर मिलते रहते हैं, शीर्ष पद के लिए एक मजबूत नेता बनी हुई हैं। यह अभी भी स्पष्ट नहीं है कि हाल ही में उनकी और पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा के बीच देर रात हुई बैठक में उन्हें क्या बताया गया। यह बैठक कथित तौर पर लगभग 45 विधायकों के राजे से मिलने की पृष्ठभूमि में हुई, जिनमें से कुछ ने खुले तौर पर उनके प्रति समर्थन व्यक्त किया। विधायक रामस्वरूप लांबा और कालीचरण सराफ ने खुले तौर पर कहा कि वे अगले सीएम के रूप में राजे का समर्थन करते हैं। यह बैठक भी उसी दिन हुई जब भाजपा विधायक ललित मीना के पिता ने आरोप लगाया कि उनके बेटे और पांच अन्य विधायकों को सिंह ने एक रिसॉर्ट में रखा था, जिससे दिल्ली में खतरे की घंटी बज गई। रविवार को भी कुछ विधायकों ने जाकर राजे से मुलाकात की। यह देखना बाकी है कि क्या भाजपा मंगलवार को राजस्थान में इस तरह के फैसले का सामना करेगी या नहीं। भाजपा के प्रदेश महामंत्री और विधायक भजनलाल शर्मा ने कहा कि सभी नव–निर्वाचित विधायकों को अनिवार्य रूप से विधायक दल की बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिये गये हैं। विधायक किरोड़ी लाल मीणा, वासुदेव देवनानी तथा जोगेश्वर गर्ग सहित अनेक विधायक सोमवार को यहां पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में पहुंचे।

# देशभक्तों को ही मतदान की इजाजत, चुनाव में सिर्फ 27 फीसदी हुई वोटिंग

2019 में पिछले ऐसे चुनाव के बाद से मतदान में तेज गिरावट बीजिंग द्वारा एक व्यापक राष्ट्रीय सुरक्षा कानून लागू करने के बाद आई है, जिसका इस्तेमाल असहमति को दबाने के लिए किया गया है और डेमोक्रेट और अन्य उदारवादियों को बाहर करने के लिए चुनावी प्रणाली में बदलाव किया गया है। हांगकांग में डिस्ट्रिक्ट काउंसिल के लिए वोटिंग हुई। राष्ट्रीय सुरक्षा संकट के बीच हांगकांग में केवल देशभक्त ला चुनाव में विपक्षी डेमोक्रेटों को मतपत्र से प्रतिबंधित कर दिया गया, जिसमें रिकॉर्ड कम 27.5: मतदान हुआ, क्योंकि कई मतदाताओं ने इसे अलोकतांत्रिक मतदान के रूप में देखा। 2019 में पिछले ऐसे चुनाव के बाद से मतदान में तेज गिरावट बीजिंग द्वारा एक व्यापक राष्ट्रीय सुरक्षा कानून लागू करने के बाद आई है, जिसका इस्तेमाल असहमति को दबाने के लिए किया गया है और डेमोक्रेट और अन्य उदारवादियों को बाहर करने के लिए चुनावी प्रणाली में बदलाव किया गया है। यह देखा जा सकता है कि हर किसी को लगने लगा है कि चुनाव का कोई मतलब नहीं है। मन वोंग ने कहा कि कुछ बचे हुए डेमोक्रेटों में से एक हैं जो अभी भी स्थानीय राजनीति में शामिल हैं। यहां तक कि सत्ता–समर्थक समर्थक भी खुद से पूछ रहे हैं कि उन्हें वोट देने की आवश्यकता क्यों है क्योंकि यह सब एक ही है। पिछला सबसे कम मतदान 1999 में 35.8: था। चार साल पहले हांगकांग के बड़े पैमाने पर लोकतंत्र समर्थक विरोध प्रदर्शन के दौरान ऐसे आखिरी चुनाव में, रिकॉर्ड 71: मतदान ने एक




कड़े मुकाबले में लोकतांत्रिक शिविर के लिए भारी जीत हासिल की थी। इस चुनाव के लिए, सीधे निर्वाचित सीटों में लगभग 80: की कटौती की गई थी, जबकि सभी उम्मीदवारों को राष्ट्रीय सुरक्षा पृष्ठभूमि की जांच से गुजरना और दो सरकार समर्थक समितियों से नामांकन सुरक्षित करना आवश्यक था। कम से कम तीन लोकतंत्र समर्थक और गैर–स्थापना समर्थक समूह, जिनमें नरमपंथी भी शामिल हैं, और यहां तक ध्धकि बीजिंग समर्थक कुछ आंकड़े भी उन सीमाओं को पूरा करने में विफल रहे। इलेक्ट्रॉनिक मतदान रजिस्टर प्रणाली की विफलता के कारण कुछ व्यवधान उत्पन्न हुए और अंततः मैन्युअल प्रणाली पर स्विच करना पड़ा, जिससे मतदान का समय 90 मिनट तक आधी रात तक बढ़ गया। चुनाव आयोग ने कहा कि विस्तार मतदान दर से बिल्कुल भी जुड़ा नहीं था।

# रूस ने लगा दिया ट्रैवल बैन पांच दिनों के भीतर सौंपने होंगे पासपोर्ट

लौटाया गया पासपोर्ट उन अधिकारियों द्वारा संग्रहीत किया जाएगा जिन्होंने इसे जारी किया है, जैसे कि आंतरिक मंत्रालय या विदेश मंत्रालय के अधिकारी। सरकारी आदेश के अनुसार, यात्रा प्रतिबंध हटने के बाद, आवेदन पूरा करने पर पासपोर्ट वापस किया जा सकता है। सरकारी आदेश के अनुसार, जिन रूसियों को विदेश यात्रा पर प्रतिबंध लगा दिया गया है, उन्हें अधिसूचना के पांच दिनों के भीतर अपने पासपोर्ट अधिकारियों को सौंपने होंगे। रूसी कानून के अनुसार, अधिकारी सिपाहियों, संघीय सुरक्षा सेवा (एफएसबी) के कर्मचारियों, दोषियों, या ऐसे लोगों पर यात्रा प्रतिबंध लगा सकते हैं जिनके पास राज्य के रहस्यों या विशेष महत्व की जानकारी तक पहुंच है। लौटाया गया पासपोर्ट उन अधिकारियों द्वारा संग्रहीत किया जाएगा जिन्होंने इसे जारी किया है, जैसे कि आंतरिक मंत्रालय या विदेश मंत्रालय के अधिकारी। सरकारी आदेश के अनुसार, यात्रा प्रतिबंध हटने के बाद, आवेदन पूरा करने पर पासपोर्ट वापस किया जा सकता है। प्रस्ताव में कहा गया है कि जिन लोगों का यात्रा करने का अधिकार सैन्य या वैकल्पिक नागरिक सेवा के लिए भर्ती के आधार पर अस्थायी रूप से सीमित था, उन्हें अतिरिक्त




रूप से एक सैन्य आईडी प्रदान करनी होगी जिसमें यह प्रमाण हो कि उन्होंने सेवा पूरी कर ली है। मार्च में फाइनेंशियल टाइम्स ने मामले से जुड़े अज्ञात सूत्रों का हवाला देते हुए रिपोर्ट दी थी कि रूस की सुरक्षा सेवाएँ विदेश यात्रा को रोकने के लिए वरिष्ठ अधिकारियों और राज्य कंपनी के अधिकारियों के पासपोर्ट जब्त कर रही थीं।

## मेरे पास कहने को कुछ नहीं, न्यूयर्क धोखाधड़ी मुकदमे में ट्रंप नहीं देंगे गवाही

ट्रम्प से पिछले महीने अभियोजन पक्ष द्वारा पूछताछ की गई थी, जिसमें उन पर और अन्य प्रतिवादियों पर अधिक अनुकूल बैंक ऋण और बीमा शर्तों को प्राप्त करने के लिए अपनी अचल संपत्ति संपत्ति के मूल्य को अरबों डॉलर तक बढ़ाने का आरोप लगाया गया था।डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने न्यूयॉर्क धोखाधड़ी मामले में अपने बचाव में गवाही देने के बारे में अपना मन बदल लिया। उन्होंने घोषणा की कि वह उम्मीद के मुताबिक रुख नहीं अपनाएंगे क्योंकि उनके पास कहने के लिए और कुछ नहीं है। ट्रुथ सोशल पर आश्चर्यजनक बयान पोस्ट करते हुए उन्होंने कहा कि उन्होंने अपने, अपने सबसे बड़े बेटों डॉन जूनियर और एरिक और ट्रम्प ऑर्गनाइजेशन के अन्य अधिकारियों के खिलाफ चल रहे मुकदमे में पहले ही हर चीज की गवाही दे दी है। ट्रम्प से पिछले महीने अभियोजन पक्ष द्वारा पूछताछ की गई थी, जिसमें उन पर और अन्य प्रतिवादियों पर अधिक अनुकूल बैंक ऋण और बीमा

# पीएम मोदी के दोस्त अल सिसि लगाएंगे जीत की हैट्रिक ? मैदान में प्रमुख दावेदार और कौन ?

सिसी के खिलाफ प्रमुख वामपंथी दावेदार अहमद तंतावी के मुकाबले से हटने के बाद केवल तीन अन्य उम्मीदवार मैदान में हैं। मिस्र के राष्ट्रपति चुनाव में प्रमुख उम्मीदवार कौन हैं? अल सिसि का दावा कितना मजबूत है आइए इस रिपोर्ट के जरिए जानते हैं। मिस्र में 10 दिसंबर से तीन दिनों तक चलने वाले राष्ट्रपति चुनाव का आगाज हो चुका है। मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल–सिसी तीसरे कार्यकाल के लिए तैयार नजर आ रहे हैं और उनके सत्ता में लौटने की उम्मीद है। विदेश में रहने वाले मिस्रवासी पहले ही 1–3 दिसंबर के बीच मतदान कर चुके हैं। गाजा में हमास के साथ इजरायल के युद्ध के मद्देनजर अरब दुनिया का सबसे अधिक आबादी वाला देश मतदान करेगा। मिस्र गाजा पट्टी की एकमात्र सीमा पार करने वाले नियंत्रण में है जो इजराइल द्वारा संचालित नहीं है। सिसी के खिलाफ प्रमुख वामपंथी दावेदार अहमद तंतावी के मुकाबले से हटने के बाद केवल तीन अन्य उम्मीदवार मैदान में हैं। मिस्र के राष्ट्रपति चुनाव में प्रमुख उम्मीदवार कौन हैं? अल सिसि का दावा कितना मजबूत है आइए इस रिपोर्ट के जरिए जानते हैं। 68 वर्षीय सिसी स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ रहे हैं। एक समय मिस्र की सेना में जनरल रहे। वो 2013 में मुस्लिम ब्रदरहुड के लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित राष्ट्रपति मोहम्मद मुर्सी के खिलाफ तख्तापलट करके सत्ता में आए। सिसी 2012–2013 के बीच रक्षा मंत्री और



2010–2012 के बीच सैन्य खुफिया और टोही के निदेशक थे। उन्होंने राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव लड़ने के लिए 2014 में सशस्त्र बलों से इस्तीफा दे दिया। उन्हें 97 प्रतिशत वोट के साथ विजेता घोषित किया गया, वे मिस्र के आठवें राष्ट्रपति बने और चार साल बाद जीत के समान अंतर के साथ दूसरा कार्यकाल हासिल किया। सिसी के लगभग दस साल के शासन को राजनीतिक स्पेक्ट्रम में असंतोष पर कार्रवाई के रूप में चिह्नित किया गया है। मीडिया अधिकार समूह रिपोर्टर्स विदाउट बॉर्डर्स ने मिस्र को पत्रकारों को दुनिया में सबसे बड़े जेलरों में से एक करार दिया है। अल जजीरा की रिपोर्ट के अनुसार, ह्यूमन राइट्स वॉच और एमनेस्टी इंटरनेशनल के अनुसार, सिसी की सरकार ने आलोचकों को जेल में डाल दिया है और संभावित उम्मीदवारों को धमकाया है, जिन्हें खतरा माना जाता है। मिस्र की आबादी 106 मिलियन है, 2011 से आर्थिक संकट का सामना कर रहा है। सिसी के तहत देश की आर्थिक परेशानियां और भी बदतर हो गई हैं। अरब देश, जो दुनिया का सबसे बड़ा गेहूं आयातक है, अपने मुख्य आपूर्तिकर्ता यूक्रेन और रूस के बीच युद्ध का खामियाजा भी भुगत रहा है। एएफपी के अनुसार, पिछले दशक में मेगा–प्रोजेक्ट्स पर मिस्र सरकार के खर्च ने देश के खजाने पर भी भारी असर डाला है, जिससे उसका कर्ज तीन गुना बढ़कर रिकॉर्ड 165 अरब डॉलर हो गया है। समस्याओं के बावजूद, सिसी के भारी अंतर से सत्ता में लौटने की संभावना है। अनुभवी राजनेता और वामपंथी विपक्षी नेता, 66 वर्षीय फरीद जहरान, मिस्र की सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी के प्रमुख हैं। जहरान लंबे समय से 1970 के दशक के छात्र आंदोलन, किफाया (पर्याप्त) आंदोलन, जिसने 2004 से मिस्र के दिवंगत पूर्व राष्ट्रपति होस्नी मुबारक के शासन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया था, और लोकतंत्र का समर्थन करने के लिए 2017 में गठित नागरिक लोकतांत्रिक आंदोलन सहित सह–संस्थापक राजनीतिक आंदोलनों और गठबंधन में शामिल रहे हैं। सामाजिक न्याय। जहरान का कहना है कि वह स्वेज नहर प्राधिकरण, मिस्र की एल्यूमीनियम कंपनी और बिजली, पानी और सीवेज कंपनियों जैसी प्रमुख रणनीतिक परियोजनाओं तक आर्थिक संपत्तियों के राज्य के स्वामित्व को सीमित करने को प्राथमिकता देते हैं। अब्देल सनद यमामा 71 वर्षीय अब्देल सनद यामामा एक वकील और अंतरराष्ट्रीय कानून के प्रोफेसर हैं जो मिस्र की सबसे पुरानी उदारवादी पार्टी वफद के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार हैं। यामामा ने कहा है कि वह राष्ट्रपति के लिए दो चार–वर्षीय कार्यकाल की सीमा लागू करना चाहेंगे। उन्होंने कहा है कि मिस्र की समस्याओं वाले देश के राष्ट्रपति के लिए 16 साल तक पद पर बने रहना मनोवैज्ञानिक या शारीरिक रूप से असंभव है। यामामा अधिकारों, स्वतंत्रता और आर्थिक सुधार पर ध्यान देने के साथ संवैधानिक संशोधनों का भी समर्थन करता है। हजेम उमर 59 साल की उम्र में, मिस्र की सीनेट की विदेशी मामलों की समिति के पूर्व अध्यक्ष और रिपब्लिकन पीपुल्स पार्टी के प्रमुख हाजेम उमर दौड़ में सबसे कम उम्र के उम्मीदवार हैं। व्यवसायी से नेता बने उमर एक साथ मिलकर हम बदलाव लाएंगे के नारे के तहत अभियान चला रहे हैं और कहते हैं कि उनका इरादा स्वास्थ्य सेवा और शैक्षिक सुधार को प्राथमिकता देने का है क्योंकि उनका मानना ध्धहै कि ये नागरिकों की मुख्य प्राथमिकताएं हैं। उन्होंने स्थानीय आर्थिक विकास और कृषि, ऊर्जा और व्यापार पर ध्यान केंद्रित करने का भी आह्वान किया है, ऐसे समय में जब अर्थव्यवस्था लंबे समय से चल रही विदेशी मुद्रा की कमी और लगभग रिकॉर्ड मुद्रास्फीति से प्रभावित हुई है।

# तुम्हें तो मैं घर पर बांध कर आया था... फिर आ गई हाथापाई की नौबत, 370 के लिए पाकिस्तान की संसद में बवाल की कहानी

भारत में सुप्रीम कोर्ट ने करीब चार साल और चार महीने बाद एक फैसला सुनाया है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने अपने और न्यायमूर्ति बीआर गवई एवं न्यायमूर्ति सूर्यकांत की ओर से फैसला सुनाते हुए कहा कि संविधान का अनुच्छेद 370 एक अस्थायी प्रावधान था और राष्ट्रपति के पास इसे रद्द करने की शक्ति है। चीख, चिल्लाहट और दो टके की बातें पाकिस्तान की संसद में देखने को मिली थी। पाकिस्तान के दो बड़े नेता दुनिया के सामने एक दूसरे को गालियां दे रहे थे। ये नजारा 5 अगस्त 2019 को भारत सरकार की तरफ से जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 को निष्प्रभावी करने के फैसले के बाद देखने को मिला था। इस मामले को लेकर पाकिस्ध्तान संसद के दोनों सदनों का संयुक्ध्त सत्र बुलाया गया था। संसद में बयानबाजी तो भारत के खिलाफ शुरू हो गई लेकिन



कुछ ही समय के बाद केंद्रीय मंत्री और विपक्षी सांसद के बीच गाली–गलौच और हाथापाई की नौबत आ गई थी। भारत में सुप्रीम कोर्ट ने करीब चार साल और चार महीने बाद एक फैसला सुनाया है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने अपने और न्यायमूर्ति बीआर गवई एवं न्यायमूर्ति सूर्यकांत की ओर से फैसला सुनाते हुए कहा कि संविधान का अनुच्छेद 370 एक अस्थायी प्रावधान था और राष्ट्रपति के पास इसे रद्द करने की शक्ति है। 5 अगस्त 2019 को अनुच्छेद 370 निरस्त किया गया था। 370 को निरस्त करने के खिलाफ कुल 18 याचिकाएं दायर की गई थी जिन पर 16 सुनवाई हुई और उन पर 5 सितंबर को सुप्रीम कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। अब सुप्रीम कोर्ट ने साफ कर दिया कि 370 अस्थायी प्रावधान था। इसे भी पढ़ेंरू पाकिस्तान के बलूचिस्तान में विस्फोट में एक पुलिसकर्मी की मौतआपको बता दें कि 370 हटने के फैसले के बाद पाकिस्तान में खूब विवाद हुआ था। उस वक्त इमरान खान प्रधानमंत्री थे। नवाज शरीफ की पार्टी पीएमएनएल नवाज मुशाहिदउल्ला खां और इमरान खान सरकार के मंत्री फवाद चौधरी के बीच 370 को लेकर बहस हो गई। मुशाहिदउल्ला खां ने फवाद चौधरी को कहा कि मैं तो तुम्हें घर पर बांध कर आया था। तुम संसद में कैसे पहुंच गए। उसके बाद खान की इस आपत्तिजनक टिप्पणी के बाद चौधरी उनकी तरफ बढ़े। लेकिन अन्य सांसदों ने उन्हें पकड़ लिया। दोनों नेताओं के बीच संसद में बयानबाजी काफी देर तक चलती रही। इसके बाद में स्पीकर ने खान और चौधरी के असंसदीय शब्दों को सदन के रिकॉर्ड से हटाने का आदेश दिया। फिलहाल इन नेताओं की बयानबाजी का वीडियो सोशल मीडिया पर खूब शेयर किया जा रहा है।

# रूस से जंग में यूक्रेन को और मजबूत करेगा बाइडन ने जेलेंस्की को व्हाइट हाउस में किया आमंत्रित

प्रमुख डेमोक्रेटिक वार्ताकार सीनेटर क्रिस मर्फी ने एनबीसी न्यूज के कार्यक्रम प्रेस से मिलें पर कहा कि व्हाइट हाउस इस सप्ताह और अधिक सक्रिय होने जा रहा है। मर्फी ने कहा कि यह जानना महत्वपूर्ण है कि क्या डेमोक्रेटिक राष्ट्रपति जो बिडेन किसी संभावित समझौते पर हस्ताक्षर करेंगे। डेमोक्रेटिक सीनेटर ने कहा कि व्हाइट हाउस एक द्विदलीय समझौते पर हस्ताक्षर करने की कोशिश कर रहे अमेरिकी सांसदों के साथ अपनी भागीदारी बढ़ाएगा, जो अमेरिकी सीमा सुरक्षा कड़ी करते हुए यूक्रेन और इजराइल के लिए सैन्य सहायता प्रदान करेगा। रिपब्लिकन ने इस बात पर जोर दिया है कि यूक्रेन के लिए अतिरिक्त फंडिंग को प्रमुख अमेरिकी सीमा सुरक्षा परिवर्तनों के साथ जोड़ा जाना चाहिए, लेकिन समझौता कराने की कोशिश कर रहे सीनेटरों के एक द्विदलीय समूह ने अमेरिकी कांग्रेस के क्रिसमस अवकाश के लिए रवाना होने से एक सप्ताह से भी कम समय पहले बहुत कम प्रगति की है। प्रमुख डेमोक्रेटिक वार्ताकार सीनेटर क्रिस मर्फी ने एनबीसी न्यूज के कार्यक्रम प्रेस से मिलें पर कहा कि व्हाइट हाउस इस सप्ताह और अधिक सक्रिय होने जा रहा है। मर्फी ने कहा कि यह जानना महत्वपूर्ण है कि क्या डेमोक्रेटिक राष्ट्रपति जो बिडेन किसी संभावित समझौते पर हस्ताक्षर करेंगे। व्हाइट हाउस ने टिप्पणी के अनुरोध का तुरंत जवाब नहीं दिया। बाइडेन ने अवैध रूप से यूएस–मेक्सिको



सीमा पार करने का प्रयास करने वाले प्रवासियों की रिकॉर्ड संख्या के साथ संघर्ष किया है। रिपब्लिकन ने पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की कुछ प्रतिबंधात्मक नीतियों को वापस लेने के लिए बिडेन की आलोचना की है, जो वर्तमान में अपनी पार्टी के नामांकन के लिए अग्रणी उम्मीदवार हैं। रॉयटर्स ने पिछले हफ्ते रिपोर्ट दी थी कि बिडेन प्रशासन सहयोगी यूक्रेन और इजराइल के लिए फंडिंग सुरक्षित करने के सौदे के हिस्से के रूप में अमेरिकी शरण पर नई सीमाओं के लिए खुला था। मर्फी ने कहा कि रिपब्लिकन की मौजूदा सीमा सुरक्षा मांगें अनुचित थीं और वे सैन्य सहायता को अमेरिकी सीमा सुरक्षा उपायों से जोड़कर दुनिया की सुरक्षा के साथ खेल खेल रहे थे।

# पाकिस्तान का दम निकलने वाले स्पाइस बम, अब इजरायल गाजा में कर रहा इस्तेमाल ? पाताल में छुपे दुश्मनों को भी मार गिराते हैं

स्पाइस बम ऐसी टेक्नोलॉजी पर आधारित है जिसके चुकाने का कोई चांस नहीं होता है। यह स्पाइस बम अपने टारगेट पर अचूक वार करते हैं। स्पाइस का पूरा नाम स्मार्ट प्रेसाईज इंपैक्ट कॉस्ट इफेक्टिव यानी सटीक प्रभाव वाला और लागत में भी प्रभावित। इजरायली कंपनी राफेल बम बनती है। 26 फरवरी को भारतीय वायुसेना के विमान ने पाकिस्तान के बालाकोट में एयर स्ट्राइक किया था। इस दौरान चार बम फायर हुए थे। चारों के चारों ने अपने टारगेट को हिट करते हुए टेररिस्ट के कैंप को दबा कर दिया था। अब स्पाइस बम एक बार फिर से खबरों में है। गाजा पर इजरायली वायुसेना की बमबारी एक बार फिर सवालों के घेरे में है। सोशल मीडिया पर कथित तौर पर वीडियो सामने आए हैं जिसमें दिखाया गया है कि इजराइल घनी आबादी वाले इलाकों में स्मार्ट, सटीक प्रभाव, लागत प्रभावी (स्पाइस) बम गिरा रहा है। नवंबर में द वॉल स्ट्रीट जर्नल ने बताया कि अमेरिका इजराइल को 320 मिलियन



डॉलर मूल्य के सटीक बम देने की योजना बना रहा था। यह घटनाक्रम तब हुआ है जब इजरायली सैनिक दक्षिणी गाजा में बढ़ते हमले के तहत हमास के साथ भीषण लड़ाई लड़ रहे हैं। हजारों विस्थापित फिलिस्तीनी नागरिकों को इजरायली बमबारी से बचने के लिए मिस्र की सीमा के करीब एक शहर में रहने के लिए मजबूर किया गया है। ऐसे में आइए जानते हैं कि ये स्पाइस बम क्या हैं? इसको लेकर ताजा विवाद क्या है? स्पाइस बम ऐसी टेक्नोलॉजी पर आधारित है जिसके चुकाने का कोई चांस नहीं होता है। यह स्पाइस बम अपने टारगेट पर अचूक वार करते हैं। स्पाइस का पूरा नाम स्मार्ट प्रेसाईज इंपैक्ट कॉस्ट इफेक्टिव यानी सटीक प्रभाव वाला और लागत में भी प्रभावित। इजरायली कंपनी राफेल बम बनती है। यह 2003 से इस्तेमाल हो रहा है। यह गाइडेड बम है जिसमें एक साथ 100 टारगेट फिक्स हो जाते हैं। जिस तरह से स्पाइस बम काम करते हैं यह लक्ष्य को भेदते हुए जाते हैं और विस्फोट करते हैं। इसका असर अंदर तक छुपे या बंकर में बैठे आतंकियों तक होता है। कैसे काम करते हैं? स्पाइस बम में दो टुकड़े होते हैं – पहला, एक कैमरा, जो बिना निर्देशित बम के सिर से जुड़ा होता है और दूसरा, एक पंख, इसके सिरे पर लगा होता है। मिशन से पहले, जीपीएस निर्देशांक और उपग्रह छवियों सहित लक्ष्य के बारे में सारी जानकारी स्पाइस बम की मेमोरी चिप में फीड की जाती है। फिर टुकड़ों को बिना निर्देशित बमों पर रखा जाता है। फिर विमान बम गिराते हैं, यह एक पूर्व–व्यवस्थित स्थान है। अब, स्पाइस बम लक्ष्य तक खुद को निर्देशित करने के लिए चिप में मौजूद डेटा का उपयोग करता है – जिसे कैमरे से ली गई छवियों के साथ जोड़ा जाता है।क्या है विवाद? यूरेशियन टाइम्स के अनुसार, यदि किसी इमारत पर स्पाइस 2000 बम गिराया जाता है तो इससे बड़े पैमाने पर विनाश होने की संभावना है और कोई भी जीवित नहीं बचेगा। विशेषज्ञों ने गाजा में व्यापक क्षति को लेकर चिंता व्यक्त की है। गारलास्को ने कहा कि जब आप गाजा जैसे घनी आबादी वाले क्षेत्र के बारे में बात कर रहे हैं, तो संपार्श्विक प्रभावों, विशेष रूप से व्यापक संपार्श्विक प्रभावों के बारे में कुछ चिंताएं होंगी।

# मोदी के दोस्त के इस फैसले से अब बढ़ेगी भारतीयों की मुश्किलें!

गृह मामलों के मंत्री क्लेयर ओश्नील ने एक मीडिया ब्रीफिंग के दौरान कहा कि हमारी रणनीति प्रवासन संख्या को वापस सामान्य कर देगी। लेकिन यह सिर्फ संख्या के बारे में नहीं है। यह सिर्फ इस क्षण और हमारे देश में इस समय हो रहे प्रवास के अनुभव के बारे में नहीं है। ऑस्ट्रेलिया ने सोमवार को कहा कि वो अंतरराष्ट्रीय छात्रों और कम–कुशल श्रमिकों के लिए वीजा नियमों को कड़ा कर देगा। जिससे अगले दो वर्षों में प्रवासियों की संख्या आधी हो जाएगी। सरकार टूटी हुई प्रवासन प्रणाली को दुरुस्त करने पर विचार कर रही है। नई नीतियों के तहत, अंतर्राष्ट्रीय छात्रों को अंग्रेजी परीक्षाओं में उच्च रेटिंग प्राप्त करने की आवश्यकता होगी और एक छात्र के दूसरे वीजा आवेदन पर अधिक जांच होगी जो उनके प्रवास को लम्बा खींच देगा। गृह मामलों के मंत्री क्लेयर



ओश्नील ने एक मीडिया ब्रीफिंग के दौरान कहा कि हमारी रणनीति प्रवासन संख्या को वापस सामान्य कर देगी। लेकिन यह सिर्फ संख्या के बारे में नहीं है। यह सिर्फ इस क्षण और हमारे देश में इस समय हो रहे प्रवास के अनुभव के बारे में नहीं है। यह ऑस्ट्रेलिया के भविष्य के बारे में है। प्रधानमंत्री एंथोनी अल्बानीज ने सप्ताहांत में कहा कि ऑस्ट्रेलिया की प्रवासन संख्या को टिकाऊ स्तर पर वापस लाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि प्रणाली टूट गई है। ऑस्ट्रेलिया ने पिछले साल अपने वार्षिक प्रवासन संख्या को बढ़ाया ताकि व्यवसायों को कर्मचारियों की कमी को पूरा करने के लिए भर्ती करने में मदद मिल सके। कोविड–19 महामारी के कारण सीमा पर सख्त नियंत्रण हुआ और लगभग दो वर्षों तक विदेशी छात्रों और श्रमिकों को बाहर रखा गया। लेकिन विदेशी श्रमिकों और छात्रों की अचानक आमद ने पहले से ही तंग किराये के बाजार पर दबाव बढ़ा दिया है, साथ ही देश में बेघरों की संख्या भी बढ़ रही है। सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड अखबार के लिए किए गए एक सर्वेक्षण में कहा गया कि 62: ऑस्ट्रेलियाई मतदाताओं ने कहा कि देश में प्रवासन की संख्या बहुत अधिक है।

# साउथ अफ्रीकी भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज के बाद ये अफ्रीकी खिलाड़ी लेगा संन्यास!

पूर्व कप्तान डीन एल्गर टेस्ट सीरीज के बाद रिटायमेंट ले सकते हैं। साउथ अफ्रीकी अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, एल्गर रिटायमेंट पर विचार कर रहे हैं। पिछली बार जब भारतीय टीम साउथ अफ्रीकी का दौरा किया था तो डीन एल्गर टेस्ट सीरीज में साउथ अफ्रीकी टीम के कप्तान थे। भारतीय क्रिकेट टीम इन दिनों साउथ अफ्रीका दौरे पर है। जहां दोनों टीमों के बीच टी20 सीरीज का आगाज हो चुका है। हालांकि, पहला टी20 मैच बारिश में धुल गया। वहीं टी20 सीरीज के बाद दोनों टीमों के बीच वनडे और टेस्ट सीरीज भी खेली जानी है। इस दौरे के बीच ही साउथ अफ्रीका कैम्प से एक बड़ी खबर है कि, टीम के बेहतरीन खिलाड़ी भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज के बाद संन्यास ले लेंगे। दरअसल, मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक टेस्ट सीरीज के बाद साउथ अफ्रीकी



टीम को बड़ा झटका लग सकता है। पूर्व कप्तान डीन एल्गर टेस्ट सीरीज के बाद रिटायमेंट ले सकते हैं। साउथ अफ्रीकी अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, एल्गर रिटायमेंट पर विचार कर रहेहैं। पिछली बार जब भारतीय टीम साउथ अफ्रीकी का दौरा किया था तो डीन एल्गर टेस्ट सीरीज में साउथ अफ्रीकी टीम के कप्तान थे। 2023 की शुरुआत में एल्गर को कप्तानी से हटा कर टेम्बा बावुमा को कप्तानी सौंपी गई थी। टेम्बा भारत के खिलाफ आगामी टेस्ट सीरीज के लिए कप्तान हैं। बाएं हाथ के इस ओपनर बल्लेबाज का मानना है कि वह मौजूदा टेस्ट कोच शुकरी कॉनराड की भविष्य की योजनाओं में शामिल नहीं हैं। वहीं एक सूत्र का कहना है कि, उम्मीद है कि उनके रिटायरमेंट की खबर जल्द ही सामने आएगी। रिपोर्ट में ये भी बाताय गया है कि न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज के लिए एल्गर को फिर से कप्तानी की भूमिका में शामिल किया जा सकता था। लेकिन ऐसा नहीं हो सका। साल 2018 में डीन एल्गर ने अपना दर्द बयां करते हुए कहा था कि उन्होंने जो किया है उसके लिए ज्यादा श्रेय नहीं दिया जाता है। एल्गर ने इंडियन एक्सप्रेस से बात करते हुए कहा कि, मैंने अतीत में जो किया है उसके लिए मुझे बहुत ज्यादा श्रेय नहीं दिया गया है। मैं नहीं समझता कि मेरे और साउथ अफ्रीकी फैंस के बीच कोई बड़ा रिश्ता है। बहुत समय से, मैंने जो किया है उसे मानो बिस्तर के नीचे दबा दिया गया है। लोग भूल जाते हैं कि आपको हर टीम में मेरे जैसे क्रिकेटर की जरूरत है। गौरतलब है कि, डीन एल्गर ने साउथ अफ्रीका के लिए 84 टेस्ट खेले हैं। जिनमें उन्होंने 37.28 की औसत से 5146 रन बनाए हैं। टेस्ट क्रिकेट में एल्गर के बल्ले से 13 शतक और 23 अर्धशतक निकले हैं। जबकि वनडे में उनके नाम 8 मुकाबलों में 104 रन हैं।

# भारतीय महिला टीम ने तीसरे टी20 में इंग्लैंड पर पांच विकेट से दर्ज की जीत

इंग्लैंड की महिला क्रिकेट टीम को तीसरे टी20 मुकाबले में भारतीय गेंदबाजों के सामने पस्त होना पड़ा। पहले बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड की टीम ने 20 ओवर में 126 रन ही बनाए। जिसके बाद लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम ने 19 ओवर में 5 विकेट पर जीत अपने नाम कर ली। भारत दौरे पर आई इंग्लैंड की महिला क्रिकेट टीम को तीसरे टी20 मुकाबले में भारतीय गेंदबाजों के सामने पस्त होना पड़ा। पहले बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड की टीम ने 20 ओवर में 126 रन ही बनाए। जिसके बाद लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम ने 19 ओवर में 5 विकेट पर जीत अपने नाम कर ली। बता दें कि, तीन मैचों की सीरीज में शुरुआती दोनों मैचों में भारत को हार का सामना करना पड़ा था। जहां सीरीज 2–1 से इंग्लैंड के नाम रही। इंग्लैंड को 20 ओवर में 126 रन पर आउट करने के बाद भारत ने एक ओवर शेष रहते पांच विकेट पर 130 रन बनाकर जीत दर्ज की। भारत के लिए स्मृति मंधाना ने 48 गेंद की पारी में पांच चौके और दो छक्के जड़ने के अलावा दूसरे विकेट के लिए जेमिमा रोड्रिग्स (33 गेंद में 29 रन) के साथ 57 रन की साझेदारी कर टीम की जीत की नींव रखी। अमनजोत कौर ने चार गेंद में तीन चौके की मदद से नाबाद 13 रन बनाकर प्रभावित किया। कप्तान हरमनप्रीत कौर छह रन पर नाबाद रही। रेणुका सिंह (23 रन पर दो विकेट) ने शुरुआती ओवर में टीम को सफलता दिलाई जबकि सैका इशाक (22 रन पर तीन विकेट) और 'प्लेयर ऑफ द मैच' श्रेयंका पाटिल (19 रन पर तीन विकेट) की स्पिन गेंदबाजों की जोड़ी ने बीच के ओवरों में इंग्लैंड के बल्लेबाजों पर शिकंजा कसकर रखा। अमनजोत कौर ने पारी की आखिरी दो गेंदों पर विकेट चटकाये।इंग्लैंड के लिए कप्तान हीथर नाइट ने सबसे ज्यादा 52 रन का योगदान दिया। उन्होंने आखिरी ओवरों में चार्ली डीन (नाबाद 16) के साथ नौवें विकेट के लिए 32 गेंद में 52 रन की साझेदारी कर टीम को मुश्किल स्थिति से बाहर निकाला। नाइट ने 42 गेंद की पारी में तीन चौके और इतने ही छक्के लगाने के अलावा चौथे विकेट के लिए एमी जोन्स (21 गेंद में 25 रन) के साथ 41 रन की साझेदारी की। लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत की सलामी जोड़ी एक बार फिर अच्छी शुरुआत दिलाने में नाकाम रही। शेफाली वर्मा (छह रन) तीसरे ओवर में फ्रेया केम्प की गेंद पर बोल्ड हो गयी। मंधाना को इसके बाद जेमिमा का अच्छा साथ मिला। दोनों ने सतर्कता से बल्लेबाजी करते हुए विकेट बचाने पर ध्यान दिया। इस बीच जेमिमा ने पांचवें ओवर में डीन और छठे ओवर में महिका गौर के खिलाफ चौके लगाये। पावरप्ले के आखिरी ओवरी ओवर में मंधाना ने भी चौका लगाया। रोड्रिग्स ने एक्लेस्टोन के खिलाफ दो चौके लगाये तो वही मंधाना ने इसी गेंदबाज के खिलाफ नौवें ओवर में छक्का लगाकर टीम का अर्धशतक पूरा किया। बायें हाथ की इस सलामी बल्लेबाज ने 11वें ओवर में फ्रेया केम्प के खिलाफ अपनी पारी का दूसरा छक्का जड़ा। अगले ओवर में डीन ने जेमिमा को पगबाधा कर दूसरे विकेट के लिए 57 रन की साझेदारी को तोड़ा। जेमिमा ने 33 गेंद में चार चौके की मदद से 29 रन बनाये। भारतीय टीम को



आखिरी सात ओवर में 57 रन की जरूरत थी और क्रीज पर आयी दीप्ति शर्मा (12) ने 14वें ओवर में डेनिएल गिब्सन के खिलाफ चौके से खाता खोला। इसी ओवर में मंधाना ने भी गेंद को सीमा रेखा के पार भेजा। दोनों ने 15वें ओवर में कैप्सी के खिलाफ भी एक–एक चौका जड़ा। दीप्ति 16वें ओवर में केम्प की गेंद को विकेटकीपर जोन्स के दस्तानों में खेल बैठी। टीम ने हालांकि इसी ओवर में रनों का शतक पूरा किया। मंधाना ने एक्लेस्टोन की गेंद पर स्कूप शॉट पर विकेट के पीछा चौका लगाया लेकिन अगली गेंद को कवर क्षेत्र में खड़ी सोफिया डंकले के हाथ में खेल कर अर्धशतक पूरा करने से चूक गयी। इस गेंदबाज ने अपने अगले ओवर में रिचा घोष (दो) को बोल्ड कर भारतीय खेमे में चिंता बढ़ा दी लेकिन अमनजोत ने क्रीज पर आते ही तीन चौके लगाकर टीम को जीत दिला दी। इससे पहले तेज गेंदबाज रेणुका ने पहले ओवर में ही मैया बाउचियर को खाता खोले बगैर बोल्ड किया लेकिन युवा टिटास साधु के खिलाफ सलामी बल्लेबाज डंकले (11) ने छक्का और चौका जड़ दिया जिससे इंग्लैंड ने ओवर से 16 रन बटोरे। रेणुका ने आक्रामक तेवर दिखाने वाली डंकले को अपना अगला शिकार बनाया तो वहीं छठे ओवर में गेंदबाजी के लिए आयी इशाक ने एलिस कैप्सी (सात रन) को जेमिमा के हाथों कैच कराया।पावर प्ले के बाद इंग्लैंड का स्कोर तीन विकेट पर 32 रन था। विकेटकीपर जोन्स ने अमनजोत के खिलाफ दो चौके तो वहीं नाइट ने श्रेयंका पाटिल के खिलाफ छक्का जड़कर रन गति को तेज करने की कोशिश की लेकिन इशाक ने 12वें ओवर में लगातार गेंदों पर जोन्स और डेनिएल गिब्सन (शून्य) को पवेलियन की राह दिखायी। श्रेयंका ने अगले ओवर में लगातार गेंदों पर बेस हीथ (एक रन) और केम्प (शून्य) का विकेट लेने के बाद 15वें ओवर में एकलेस्टोन (दो) को आउट कर भारत का दबदबा कायम किया। डीन ने इसके बाद कप्तान नाइट का अच्छे से साथ दिया और दोनों ने 18वें ओवर में रेणुका के खिलाफ एक–एक चौका जड़कर स्कोर को 100 रन के पार पहुंचाया। इंग्लैंड की कप्तान ने आखिरी ओवर में अमनजोत के खिलाफ दो छक्के जड़ 41 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया। वह अगली गेंद पर एक और बड़ा शॉट लगाने की कोशिश में बाउंड्री के पास लपकी गयी।

# भारत साउथ के बीच पहला टी 20 मुकाबला आज, मौसम का रहेगा अहम रोल, जानें कहां देख पाएंगे लाइव

दोनों टीमों को बात करें तो भारत का रिकॉर्ड दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ काफी शानदार रहा है। जानकारी के मुताबिक मैच के दौरान डरबन में तेज बिजली गिरने की संभावना जताई गई है। शाम के समय डरबन में आसमान में बादल छाए रहेंगे। ज्20 मैच के दौरान 75 फीसदी बारिश के आसार भी बने हुए हैं। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच ज्20 सीरीज की शुरुआत रविवार 10 दिसंबर से होने वाली है। ज्20 सीरीज का पहला मुकाबला डरबन में खेला जाना है। भारतीय टीम सूर्यकुमार यादव के नेतृत्व में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज खेलने उतर रही है। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच मुकाबले की बात की जाए तो मैच की शुरुआत भारतीय समय के अनुसार शाम 7रू30 बजे से होगी। भारतीय टीम की कोशिश होगी कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हासिल की गई जीत की लाई को बरकरार रखें और वैसा ही खेल दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भी दिखाएं। दोनों टीमों को बात करें तो भारत का रिकॉर्ड दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ काफी शानदार रहा है। जानकारी के मुताबिक मैच के दौरान डरबन में तेज बिजली गिरने की संभावना जताई गई है। शाम के समय डरबन में आसमान में बादल छाए रहेंगे। टी 20 मैच के दौरान 75 फीसदी बारिश के आसार भी बने हुए हैं। ऐसे में मौसम विभाग की चेतावनी के बाद इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता की तीन मातु की ज्20 सीरीज का पहला मुकाबला बारिश की भेंट चढ़ सकता है। ऐसे देख सकेंगे मैच टी 20 सीरीज का पहला मैच शाम 7रू30 बजे से शुरू होगा जिसे फैंस स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क पर लाइव देख सकेंगे। ओटीटी प्लेटफॉर्म्स की बात करें तो मैच की लाइव स्ट्रीमिंग डिजनी प्लस हॉटस्टार पर भी की जाएगी। क्पेदमल़ हॉटस्टार पर कई भाषाओं में फंस मैच देख सकेंगे। जीत से बढ़ा टीम का मनोबल सूर्यकुमार यादव ने रविवार को स्वीकार किया कि विश्व कप फाइनल में मिली निराशाजनक हार को भुलाना काफी मुश्किल है लेकिन भारतीय कप्तान ने हाल में



आस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 श्रृंखला में मिली जीत को दक्षिण अफ्रीका दौरे से पहले टीम के लिए मनोबल बढ़ाने वाली करार दिया। भारत ने दक्षिण अफ्रीका के लिए रवाना होने से पहले घरेलू मैदान पर पांच मैचों की श्रृंखला में आस्ट्रेलिया को 4–1 से शिकस्त दी। सूर्यकुमार चोटिल हार्दिक पंड्या की अनुपस्थिति में टीम की अगुआई कर रहे हैं। टीम इस प्रकार हैं भारत सूर्यकुमार यादव (कप्तान), यशस्वी जयसवाल, शुभमन गिल, रूतुराज गायकवाड़, तिलक वर्मा, रिंकू सिंह, श्रेयस अय्यर, ईशान किशन (विकेटकीपर), जितेश शर्मा (विकेटकीपर), रविंद्र जडेजा (उप कप्तान), वाशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, कुलदीप यादव, अर्शदीप सिंह, मोहम्मद सिराज, मुकेश कुमार, दीपक चाहर। दक्षिण अफ्रीकारू एडेन मार्कराम (कप्तान), ओटनील बार्टमैन, मैथ्यू ब्रीट्जस्के, नांद्रे बर्गर, जेराल्ड कोएत्जी (पहला और दूसरा टी20 अंतरराष्ट्रीय), डोनोवन फरेरा, रीजा हेंड्रिक्स, मार्को जेनसेन (पहला और दूसरा टी20 अंतरराष्ट्रीय), हेनरिक क्लासेन, केशव महाराज, डेविड मिलर, एंडिले फेलुकवायो, तबरेज शम्सी, ट्रिस्टन स्टब्स और लिजाड विलियम्स। मैच भारतीय समयानुसार शाम साढ़े सात बजे शुरू होगा।

# आरसीबी ने 7 खिलाड़ियों को खरीदकर पूरा किया अपना स्क्वाड, एकता बिष्ट को 60 लाख में किया शामिल

महिला प्रीमियर लीग के आगामी सीजन के लिए हुई नीलामी में रॉयल चौलेंजर्स बैंगलोर ने खिलाड़ियों को खरीदकर अपनी टीम पूरी कर ली है। बैंगलोर ने नीलामी में 7 खिलाड़ियों को खरीदा है। रॉयल चौलेंजर्स बैंगलोर ने महिला प्रीमियर लीग के आगामी सीजन के लिए हुई नीलामी में खिलाड़ियों को खरीदकर अपनी टीम पूरी कर ली है। बैंगलोर ने नीलामी में 7 खिलाड़ियों को खरीदा है। वहीं नीलामी से पहले फ्रेंचाइजी ने 7 खिलाड़ियों को रिलीज किया था और टीम के पास 3.35 करोड़ रुपये बचे थे। मिनी नीलामी में टीम को कुल 10 स्लॉट खाली थे जिसे टीम ने अब भर दिए हैं। इस कड़ी में आरसीबी ने एकता बिष्ट के लिए सबसे ज्यादा 60 लाख रुपये खर्च किए। द्वारा खरीदी गईं खिलाड़ी जॉर्जिया वेयरहैम– 40 लाख रुपये केट क्रॉस– 30 लाख रुपये एकता बिष्ट– 60 लाख रुपये शुभ सतीश– 10 लाख रुपये सिमरन बहादुर– 30 लाख रुपये एस मेघना– 30 लाख रुपये सोफी मोलिनुएक्स– 30 लाख रुपये आरसीबी का फुल स्क्वॉड स्मृति मंधाना, आशा शोभना, दिशा कसाट, एलिसे पेरी, हीदर नाइट, इंद्राणी रॉय, कनिका आहूजा, रेणुका सिंह, ऋचा घोष, श्रेयंका पाटिल, सोफी डिवाइन, जॉर्जिया वेयरहैम, केट क्रॉस, एकता बिष्ट, शुभा सतीश, एस मेघना, सिमरन बहादुर, सोफी मोलिनक्स।

# काश्वी गौतम पर गुजरात जायंट्स ने की पैसों की बरसात, अपनी बेस प्राइस से 20 गुना दाम में बिकीं

काशवी गौतम पर गुजरात जायंट्स ने जमकर पैसों की बरसात की है। गुजरात ने काशवी को 2 करोड़ की भारी भरकम रकम में खरीदा है। जबकि उनका बेस प्राइस महज 10 लाख रुपये था इसका मतलब है कि वह अपने बेस प्राइस से 20 गुना ज्यादा दाम में बिकीं हैं।विमंस प्रीमियर लीग में खिलाड़ियों पर जमकर बोली लग रही है। इसी कड़ी में काशवी गौतम पर गुजरात जायंट्स ने जमकर पैसों की बरसात की है। गुजरात ने काशवी को 2 करोड़ की भारी भरकम रकम में खरीदा है। जबकि उनका बेस प्राइस महज 10 लाख रुपये था इसका मतलब है कि वह अपने बेस प्राइस से 20 गुना ज्यादा दाम में बिकीं हैं। चंडीगढ़ की रहने वाली इस खिलाड़ी को 10




दिसंबर से शुरू होने वाले अंडर–23 टूर्नामेंट के लिए कप्तान भी बनाया गया। टीम का पहला मुकाबला बिहार से और 11 दिसंबर को दिल्ली से होगा। 13 दिसंबर को गुजरात और 15 दिसंबर को उत्तराखंड से होगा।

काशवी को उनकी सटीक तेज गेंदबाजी के लिए जानी जाती हैं। उन्होंने सीनियर विमन इंटर जोनल टी20 ट्रॉफी में हैटट्रिक भी ली थी। उन्होंने पांच विकेट लेकर अपनी टीम नॉर्थ जोन टीम को नॉर्थ ईस्ट जोन के खिलाफ 111 रन से जीत दिलाई थी। इसके बाद उन्हें इंडिया ए टीम में शामिल कर लिया गया था।

# कोल्ड ड्रिंक पीने की है लत तो हो जाएं अलर्ट, नहीं तो घेर लेगी यह गंभीर बीमारी

कहीं आप रोजाना कोल्ड ड्रिंक तो नही पी रहे हैं? अगर हां तो यह खबर सुनकर आप सोच में जरूर पड़ जाएंगे. आपकी जानकारी के लिए बता दें कि अगर रोजाना कोल्ड ड्रिंक पीने की है लत तो इसकी वजह से आपको गंभीर बीमारी हो सकती है. जिनके बारे में शायद ही आप सोच सकते हैं. ज्यादा कोल्ड ड्रिंक पीने के कारण काफी ज्यादा वजन बढ़ सकता है.

कोल्ड ड्रिंक में हाई फ्रुक्टोज कॉर्न सिरप और दूसरे तरह की शुगर होती है. इसमें पोषण नहीं बल्कि कैलोरी की मात्रा होती है. ज्यादा कैलोरी के कारण मोटापा का खतरा अधिक बढ़ जाता है. कोल्ड ड्रिंक में काफी ज्यादा हाई लेवल का शुगर होता है. जिसके कारण टाइप–2



डायबिटीज का शिकार हो जाते हैं. इसमें इतना ज्यादा शुगर होता है कि इंसुलिन पर भी असर पड़ता है. जिसमें ब्लड में शुगर का लेवल बढ़ता है.

कोल्ड ड्रिंक में एसिड और चीनी काफी मात्रा में होता है

सोडा में एसिड और चीनी काफी ज्यादा मात्रा में होता है जिसके कारण दांत पर खतरनाक असर पड़ सकता है. एसिड के कारण दांत का इनेमल भी खराब हो सकता है. साथ ही साथ दांत डैमेज और कैविटी से भरपूर हो सकता है. सोडा के कारण मुंह में बैक्टीरिया का खतरा बढ़ सकता है. जिससे मसूड़े में सूजन हो सकती है. सोडा में फॉस्फोरिक एसिड काफी ज्यादा होता है. जिसके कारण शरीर में कैल्शियम की कमी होने लगती है. अगर आप इसे ज्यादा पिएंगे तो हड्डियां कमजोर हो जाती है.जिसकी वजह से ऑस्टियोपोरोसिस का खतरा बढ़ सकता है. कोल्ड ड्रिंक में चीनी की मात्रा काफी ज्यादा अधिक होती है. इससे हाई बीपी, हार्ट की बीमारी, मोटापा का खतरा बढ़ता है. कोल्ड ड्रिंक पीने के कारण लिवर और पाचन संबंधी बीमारी होने का खतरा बढ़ जाता है. कोल्ड ड्रिंक में पाई जाने वाली चीनी खाने के कारण फैटी लिवर का खतरा बढ़ जाता है. जिसके कारण (ह्रस्नरुष्ठ) का खतरा बढ़ जाता है.।

# सर्वश्रेष्ठ गेमिंग कंसोल, देखें टश्वप 5 गेम्स जो देगें आपको बेह्तरीन अनुभव

वहीं गेमिंग हमारी मानसिक तनाव को कम करता है और हमें खुश रखता है। खेल हमारी शारीरिक और मानसिक स्थिति को सुधारने का अद्वितीय माध्यम है। जब हम खेल खेलते हैं तो हमारे शरीर की कसरत होती है, हमारी हड्डियों, मांसपेशियों और लिगामियों की मजबूती बढ़ती है। इन दिनों लोग अपने मनोरंजन के लिए गेमिंग को अपनी दिनचर्या में जोड़ रहे हैं। वहीं गेमिंग हमारी मानसिक तनाव को कम करता है और हमें खुश रखता है। खेल हमारी शारीरिक और मानसिक स्थिति को सुधारने का अद्वितीय माध्यम है। जब हम खेल खेलते हैं तो हमारे शरीर की कसरत होती है, हमारी हड्डियों, मांसपेशियों और लिगामियों की मजबूती बढ़ती है। हाई–एंड गेमिंग पीसी उच्चतम प्रदर्शन का दावा करते हैं, सर्वश्रेष्ठ गेमिंग कंसोल नवीनतम और महानतम वीडियो गेम के लिए अधिक लागत प्रभावी प्रवेश द्वार प्रदान करें। चाहे आप एक अनुभवी गेमर हों या नए खिलाड़ी हों साहसिक कार्य, गेमिंग कंसोल की दुनिया आकर्षित करती है।

# सर्दियों में भुट्टा खाना क्यों है फायदेमंद, जानिए इसके पीछे का साइंटिफिक रिजन

भुट्टा, मकई, कॉर्न से पूरी दुनिया में जाना जाने वाला मक्का एक ऐसा अनाज है जो बहुत ज्यादा सेहतमंद होता है. इसमें विटामिन, फाइबर, आयरन और एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होता है. यह आंख और पेट दोनों के लिए काफी ज्यादा फायदेमंद होता है. आपकी जानकारी के लिए बता दें कि पूरी दुनिया में भुट्टा ऐसा अनाज है जो काफी ज्यादा पसंद किया जाता है. साथ ही पूरी दुनिया में इसके कई किस्मों को उगाया जाता है. यह स्वाद में लाजवाब और गुणों से भरपूर होने के साथ–साथ सेहत के लिए काफी ज्यादा फायदेमंद होता है. आज हम इस आर्टिकल के जरिए आपको इसके फायदे के बारे में बताएंगे.

पाचन तंत्र के लिए अच्छा होता है मक्का

मक्का आपके पाचन तंत्र के लिए बहुत बढिया है. चारे की मदद से आपको मल त्यागने में आसानी होती है. साथ ही यह पेट से जुड़े



सहायक उपकरण जैसे कि आदिम से भी राहत प्राप्त करने में मदद करता है.दिल के लिए अच्छा होता है मक्का मेक्सिको मक्का एंटीऑक्सीडेंट का स्रोत है, जो आपके दिल की सेहत के लिए बढिया है. यह दिल को नुकसान पहुंचाता है. यदि आप हाई ब्लड शुगर से पीडिघ्त हैं तो मक्के के दाने आपके लिए बहुत चमत्कारी साबित हो सकते हैं. टाइप–2 पर आधारित शोध में मक्के को सीधे तौर पर सहायता माना गया है. रोजाना मक्का खाने से मधुमेह या रक्त ग्लूकोज को कम करने का दावा साबित होता है. इसके साथ ही मधुमेह में मक्के को कार्बोहाइड्रेट, कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन और विटामिन से भरपूर स्रोत के रूप में शामिल करने की सलाह दी जाती है. मक्के के सेवन से सर्दी की समस्या से कुछ हद तक राहत मिल सकती है.

कैंसर के खतरे को कम करता है मक्के में मौजूद आपके एंटीऑक्सीडेंट साथियों को नुकसान होने से बचाया जा सकता है, जो कैंसर का खतरा बन सकते हैं. मक्के में कैरोटीनॉयड भी होता है, जिसमें कैंसर प्रतिरोधी गुण होते हैं.

आंखों के लिए जादुई मक्के में ल्यूटिन और जेक्सैन्थिन अच्छी मात्रा में होता है. ये दोनों कैरोटीनॉयड आंखों के लिए महत्वपूर्ण हैं. ल्यूटिन और जेक्सैन्थिन आपकी आंखों को उम्र से संबंधित मैकऑलर डीजेनरेशन (एएमडी) से उबरने में मदद कर सकते हैं, जो बुढ़ापे में अंधापन का एक प्रमुख कारण है. इम्युनिटी को मजबूत करता है मक्का विटामिन सी का एक अच्छा स्रोत है. जो आपके प्रतिरक्षा प्रणाली के लिए एक महत्वपूर्ण पोषक तत्व है. विटामिन सी आपके शरीर में संक्रमण से लडने में मदद करता है और फेफड़ों को ठीक करने में मदद करता है. ब्लड में ग्लूकोज के लेवल को कम करता है मक्का रक्तप्रवाह में ग्लूकोज के अवशोषण को कम करता है. इस कारण से, यह मधुमेह या मधुमेह वाले लोगों में रक्त शर्करा के स्तर को नियंत्रित करने में मदद करता है.

# केजीएफ स्टार यश ने नई फिल्म टाक्सिक का किया ऐलान, सामने आया पहला वीडियो

सुपरस्टार यश के फैंस का इंतजार खत्म हो गया है. केजीएफ 1 और केजीएफ 2 की सक्सेस के बाद पिछले कुछ समय से फैंस उनकी नई फिल्म की अनाउंसमेंट का इंतजार कर रहे थे और अब यश की नई फिल्म का ऐलान कर दिया गया है. उनकी अगली मूवी का नाम होगा टॉक्सिक (ञ्जश–द्बष) . मेकर्स ने टाइटल टीजर भी जारी कर दिया है जिसे देखकर फैंस खुशी से झूम उठेंगे. इसके अलावा फिल्म की रिलीज डेट भी बता दी गई है.यश ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो पोस्ट किया है, जिसमें आधे जले प्लेइंग कार्ड्स दिख रहे हैं. बैकग्राउंड में एक कैची ट्यून सुनने को मिल रहा है. इस बीच यश के दमदार लुक की हल्की सी झलक देखने को मिलती है. वीडियो में यश काउबॉय लुक में नजर आते हैं. वह सिगार पीते हुए दिख रहे हैं और उनके एक हाथ में बड़ी सी गन भी नजर आ रही है. सोशल मीडिया पर टॉक्सिक टाइटल टीजर छा गया है.



यश की ये फिल्म 10 अप्रैल, 2025 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी. इस फिल्म के डायरेक्टर नेशनल अवॉर्ड विनर गीतू मोहनदास हैं जिन्हें जिसमें लायर्स डायस और मूथॉन जैसी फिल्में बनाने के लिए जाना जाता है. केव्हीएन प्रोडक्शन हाउस यश की फिल्म टॉक्सिक को प्रोड्यूस कर रही है. हालांकि, फिल्म की बाकी स्टारकास्ट को लेकर अभी कोई डिटेल्स सामने नहीं आई है.बता दें कि यश पिछली बार फिल्म केजीएफ चौप्टर 2 में नजर आए थे, जो साल 2022 में रिलीज हुई थी. सिर्फ 100 करोड़ के बजट में बनी इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा दिया था. भारत में केजीएफ 2 की कमाई 859 करोड़ रुपये हुई थी और दुनियाभर में इसका टोटल कलेक्शन 1215 करोड़ रुपये था. इस मूवी में संजय दत्त ने विलेन का रोल प्ले किया था. वहीं, रवीना टंडन भी केजीएफ 2 का हिस्सा थीं.

## फातिमा सना शेख की धक धक ने ओटीटी प्लेटफार्म नेटफ्लिक्स पर दी दस्तक

इस साल सिनेमाघरों में कुछ बेहतरीन वुमन ओरिएंटेड फिल्में रिलीज हुईं. ऐसी ही एक शानदार महिला प्रधान फिल्म श्धक धक्य भी थी. इस फिल्म में रत्ना पाठक शाह, दीया मिर्जा, संजना सांघी और फातिमा सना शेख ने अहम रोल प्ले किया है. फिल्म में ये चारों



दिलेर महिलाएं दिल्ली से खारदुंग ला तक बाइक राइडिंग करती हैं. अगर आप सिनेमाघरों में इस फिल्म को देखने से चूक गए हैं, तो अब आपके लिए गुड न्यूज है. दरअसल श्धक धक्य अब ओटीटी पर घर बैठे एंजॉय की जा सकती है. चलिए यहां जानते हैं ये फिल्म ओटीटी के किस प्लेटफॉर्म पर अवेलेबल है. श्धक धक्य सिनेमाघरों में 13 अक्टूबर, 2023 को रिलीज हुई थी. वहीं थिएट्रिकल रिलीज के अब  दो महीने बाद फिल्म को ओटीटी रिलीज मिल गई है. चार महिला की कहानी पर बेस्ड . फिल्म नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो गई है. बता दें कि डिजिटल स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म ने फिल्म का एक पोस्टर साझा करके इसकी ओटीटी रिलीज की अनाउंसमेंट की है. पोस्ट में लिखा गया है, थ्रिल के लाइसेंस के साथ, 4 महिलाएं अनजान वेंचर के लिए डेयर करती हैं.फिल्म धक धक में अलग–अलग फील्ड की चार महिलाओं की कहना दिखा गई है. ये सभी इमोशन, थ्रिल और डिस्कवरी से भरी एक एक्स्ट्राऑडिनरी जर्नी पर साथ चलने के लिए हाथ मिलाती है.

ये सभी दिल्ली से खारदुंग ला तक बाइक राइडिंग करने का फैसला लेती है. ये फिल्म इमोशनस करती है तो महिलाओं में जोश भी भरती है साथ ही ये फुल एंटरटेनमेंट की भी गारंटी देती है. श्धक धक्य को वायकॉम18 स्टूडियोज ने तापसी पन्नू और प्रांजल खंडडिया की आउटसाइडर फिल्म्स और बीएलएम पिक्चर्स ने प्रोड्यूस किया है. इस फिल्म को तरूण डुडेजा ने डायरेक्ट किया है और इसकी  पारिजात जोशी और तरूण डुडेजा ने को–राइटिंग की है.

## शिल्पा शेट्टी की सुखी का आएगा सीक्वल, अगले साल शुरू होगी शूटिंग?

शिल्पा शेट्टी को आखिरी बार फिल्म सुखी में देखा गया था, जो 22 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। बेशक फिल्म में



शिल्पा ने अपनी अदाकारी से दर्शकों का दिल जीता, लेकिन यह बॉक्स ऑफिस पर औंधे मुंह गिरी।फिलहाल, सुखी नेटफ्लिक्स पर धमाल मचा रही है। यह नेटफ्लिक्स पर दुनियाभर की टॉप–10 में पांचवें स्थान पर है तो वहीं भारत में नंबर–1 पर। ऐसे में अब निर्माता सुखी की दूसरी किस्त बनाने की योजना बना रहे हैं।

एक रिपोर्ट के मुताबिक, सोनल जोशी के निर्देशन में बनी फिल्म सुखी का सीक्वल बनने जा रहा है। हालांकि, खबर की पुष्टि होना बाकी है। एक सूत्र ने बताया, निर्माताओं ने शिल्पा के साथ फिर से सुखी 2 बनाने का फैसला किया है। निर्देशक और लेखकों ने दूसरी किस्त पर विचार करना शुरू कर दिया है, जिसमें पहले भाग के कई कलाकार और कुछ नए कलाकार भी शामिल होंगे।अगले साल फिल्म शुरू हो सकती है। सुखी के जरिए शिल्पा ने लंबे अरसे बाद सिल्वर स्क्रीन पर वापसी की। इसमें अमित साध, दिलनाज ईरानी, कुशा कपिला, पवलीन गुजराल, चौतन्य चौधरी और अमित साध ा जैसे कलाकार भी हैं।इसका निर्देशन सोनल जोशी ने किया है तो वहीं फिल्म की कहानी राधिका आनंद ने पॉलोमी दत्ता और रूपिंदर इंद्रजीत के साथ मिलकर लिखी है।सुखी भूषण कुमार द्वारा निर्मित है। रिपोर्ट के अनुसार, इस फिल्म ने महज 1.65 करोड़ रुपये का कारोबार किया था।

# एनिमल के तूफान के आगे सैम बहादुर भी हुई 40 करोड़ के पार

विक्की कौशल की सैम बहादुर को बॉक्स ऑफिस पर अपनी रिलीज के पहले दिन से ही रणबीर कपूर की श्एनिमल्य के साथ क्लैश करना पड़घ है. हालांकि सैम बहादुर को भी दर्शकों से काफी पॉजिटिव रिस्पॉन्स मिला है. इसी के साथ ये फिल्म भी श्एनिमल्य के तूफान के आगे बॉक्स ऑफिस पर अपनी पकड़ मजूबत बनाए रखने में कामयाब रही है. चलिए यहां जानते हैं सैम बहादुर ने रिलीज के आठवें दिन कितने करोड़ का कलेक्शन किया है. सैम बहादुर देश के पहले फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ की बायोपिक है. फिल्म में विक्की कौशल ने सैम मानेकशॉ का लीड रोल प्ले किया है और उन्होंने इतनी शानदार एक्टिंग की है कि हर कोई उनकी तारीफ करते नहीं थक रहा है. हालांकि सैम बहादुर को एनिमल से क्लैश




के चलते बॉक्स ऑफिस पर इतना अच्छा रिस्पॉन्स नहीं मिल रहा है. फिल्म ने 6.25 करोड़ से ओपनिंग की थी. इसके बाद सैम बहादुर दूसरे दिन फिल्म ने 9 करोड़ और तीसरे दिन 10.3 करोड़ का कलेक्शन किया. चौथे दिन सैम बहादुर की कमाई 3.5 करोड़ रुपये रही. पांचवें दिन फिल्म ने अपनी यहीं रफ्तार बनाए रखी और इसने 3.5 करोड़ का कलेक्शन किया. वहीं छठे दिन सैम बहादुर ने 3.25 करोड़ कमाए. सातवें दिन विक्की कौशल की फिल्म की कमाई 3 करोड़ रुपये रही. इसी के साथ सैम बहादुर का एक हफ्ते का कलेक्शन 38.8 करोड़ रुपये रहा. वहीं अब फिल्म की रिलीज के आठवें दिन यानी फ्राइडे की कमाई के शुरुआती आंकड़े आ गए हैं. रिपोर्ट के मुताबिक सैम बहादुर ने रिलीज के आठवें दिन 3.25 करोड़ रुपये की कमाई की है. इसी के साथ सैम बहादुर का आठ दिनों का कुल कलेक्शन अब 42.05 करोड़ रुपये हो गया है. सैम बहादुर को रणबीर कपूर की एनिमल के चलते बॉक्स ऑफिस पर कमाई के लिए काफी संघर्ष करना पड़ राह है. हालांकि इस फिल्म ने कछुए की चाल से चलते हुए भी रिलीज के आठ दिनों में 40 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया है. अब ये फिल्म 50 करोड़ के आंकड़े को छूने की ओर बढ़ रही है. मेकर्स को उम्मीद है कि ये फिल्म वीकेंड पर इस माइल स्टोन को पार कर लेगी. फिलहाल हर किसी की निगाहें बॉक्स ऑफिस नंबर्स पर टिकी हुई हैं.

## जीनत अमान, शबाना आजमी के साथ अंजलि आनंद फिल्म बन टिक्की में शामिल

रॉकी और रानी की प्रेम कहानी में गायत्री रंधावा की भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री अंजलि आनंद आगामी फिल्म बन टिक्की के कलाकारों में शामिल हो गई हैं।फिल्म में दिग्गज अभिनेत्री जीनत अमान और शबाना आजमी और अभिनेता अभय देओल भी हैं। बन टिक्की फराज अंसारी द्वारा लिखित और निर्देशित है और इसे सेलिब्रिटी फैशन डिजाइनर मनीष मल्होत्रा के प्रोडक्शन हाउस में बनाया जाएगा।

यह फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी के बाद शबाना आजमी के साथ अंजलि की दूसरी फिल्म भी होगी। फिलहाल फिल्म के बारे में ज्यादा कुछ पता नहीं है लेकिन शूटिंग शुरू हो चुकी है।कहानी को एक ताजा और संवेदनशील अवधारणा के रूप में संदर्भित किया जा रहा है, और यह एक और सीमा तोडने वाली फिल्म बनने के लिए तैयार है।

# बाक्स आफिस पर जारी है एनिमल की दहाड़, 8वें दिन का कलेक्शन भी रहा शानदार

रणबीर कपूर की एनिमल को सिनेमाघरों में बवाल काटते हुए एक हफ्ता हो गया है लेकिन इस फिल्म की क्रेज दर्शकों के सिर से नहीं उतर रहा है. आलम ये है कि फिल्म को देखने के लिए बड़ी संख्या में दर्शक थिएटरों में पहुंच रहे हैं और इसी के साथ श्एनिमल्य बॉक्स ऑफिस पर नोटों में खेल रही है.

फिल्म में एक्शन से लेकर ड्रामा, इमोशन, वॉयलेंस और इंटीमेसी तक बहुत कुछ डाला गया है और इसी के चलते फिल्म दर्शकों को थिएटर तक खींच रही है. वहीं कमाई की बात करें तो इस फिल्म ने सात दिनों में रिकॉर्ड तोड़ कमाई कर ली है. चलिए यहां जानते हैं श्एनिमल्य ने रिलीज के आठवें दिन यानी शुक्रवार को कितना कलेक्शन किया है?

श्एनिमल्य में रणबीर कपूर और बॉबी देओल के खूंखार अवतार ने लोगों को दहला दिया है. फिल्म को लेकर इनता हाईप बना हुआ है कि रिलीज के एक हफ्ते बाद भी थिएटर्स में श्एनिमल्य को देखने के लिए भारी संख्या में ऑडियंस पहुंच रही है. इसी के साथ फिल्म अपने कैश रजिस्टर में भी हर रोज करोड़ों एड करती जा रही है. संदीप रेड्डी वांगा के निर्देशन में बनी ये फिल्म रिलीज के पहले दिन से भी धुंआधार कारोबार कर रही है. फिल्म के पहले हफ्ते का कलेक्शन 337 करोड़ रुपये रहा है. वहीं श्एनिमल्य के रिलीज के आठवें दिन की कमाई के शुरुआती आंकड़े भी आ गए हैं.

रिपोर्ट के मुताबिक श्एनिमल्यने रिलीज के आठवें दिन 23.50 करोड़ रुपयों का कलेक्शन किया है. इसी के साथ श्एनिमल्य की आठ दिनों की कुल कमाई अब 361.08करोड़ रुपये हो गई है.श्एनिमल्य ने



आठवें दिन भी शानदार कलेक्शन किया है. इसी के साथ एक बार फिर इस फिल्म ने कई ब्लॉकबस्टर फिल्मो को धूल चटा दी है. श्एनिमल्य ने अपनी रिलीज के आठवें दिन 20 करोड़ से ज्यादा का कलेक्शन कर शाहरुख खान की पठान और जवान के साथ सनी देओल की टाइगर के आठवें दिन के कलेक्शन का रिकॉर्ड ब्रेक कर दिया है. इन फिल्मों के आठवें दिन की कमाई की बात करें तोइसी के साथ श्एनिमल्य आठवें दिन के हाईएस्ट कलेक्शन करने वाली फिल्मों की लिस्ट में नंबर बन पोजिशन पर कायम हो चुकी है. श्एनिमल्य में रणबीर कपूर के अलावा रश्मिका मंदाना, बॉबी देओल और अनिल कपूर ने अहम रोल प्ले किया है.

# विष्णु मांचू की कन्नप्पा का फर्स्ट लुक पोस्टर सामने आया

वर्तमान में न्यूजीलैंड की लुभावनी पृष्ठभूमि पर निर्माण में, महाभारत धारावाहिक प्रसिद्धि के प्रशंसित मुकेश कुमार सिंह द्वारा निर्देशित विष्णु मांचू का महत्वाकांक्षी उद्यम, कन्नप्पा, एक शानदार दृश्य पेश करने के लिए तैयार है। हाल ही में अनावरण किए गए फर्स्ट लुक पोस्टर में विष्णु मांचू को दिखाया गया है, तीर तीरों के झरने के बीच आसमान की ओर इशारा कर रहा है, जो नदी और घने जंगल में एक शिवलिंग को चतुराई से प्रतिबिंबित कर रहा है – फिल्म की थीम के साथ एक दृश्य संरेखण। कैप्शन के साथ, सबसे बहादुर योद्धा। द अल्टीमेट डिवोटी में कन्नप्पा के चरित्र को जीवंत रूप से जीवंत किया गया है, जो इस सिनेमाई प्रयास के अखिल भारतीय सार पर जोर देता है। अगले साल रिलीज होने वाली इस फिल्म में प्रभास, मोहनलाल, नयनतारा, शिव राजकुमार, सरथकुमार और मधुबाला समेत कई शानदार कलाकार शामिल हैं। कन्नप्पा का भव्य बजट 24 फ्रेम्स फैक्ट्री और एवा एंटरटेनमेंट द्वारा समर्थित है।पारुचुरी गोपालकृष्ण, बुर्रा साई माधव और थोटा प्रसाद की प्रतिभाशाली तिकड़ी द्वारा लिखित, स्टीफन डेवेसी और मनीशर्मा की संगीत प्रतिभा इस परियोजना को लेकर प्रत्याशा बढ़ाती है। जैसे–जैसे निर्माण शुरू हो रहा है, बहुप्रतीक्षित फिल्म कन्नप्पा के बारे में अधिक दिलचस्प जानकारी के लिए हमारे साथ बने रहें।



# 42 साल की शमा सिकंदर की फिटनेस ने किया हैरान, बोल्ड अंदाज पर टिकी नजरें



शमा सिकंदर ने वैसे तो अपने लंबे एक्टिंग करियर में तमाम म्यूजिक वीडियोज, फिल्मों और टीवी शोज में काम किया है. हालांकि, उनके अपने किसी भी प्रोजेक्ट से ज्यादा लुक्स के कारण ही पॉपुलैरिटी मिली है. हालांकि, आज देखते ही देखते शमा सोशल मीडिया सेंसेशन बन चुकी हैं. लगभग हर दिन वह अपने इंस्टाग्राम पेज पर अपने नए लुक्स शेयर कर फैंस के दिलों की धड़कनें तेज कर देती हैं. अब फिर से उनका नया अवतार दिखाया है.

लेटेस्ट फोटोशूट में शमा लैवेंडर शेड का सीक्वेंस वाला ऑफ शोल्डर गाउन पहने नजर आ रहे हैं. उन्होंने अपने इस लुक को न्यूड शाइनी बेस, न्यूड ग्लॉसी लिप्स और स्मोकी आईज से कंप्लीट किया है.

इसके साथ शमा ने बालों को ओपन रखा हुआ है. एक्सेसरीज के लिए शमा ने सिर्फ कानों में ऑक्सीडाइज्ड पर्ल ईयररिंग्स पहने हैं.

एक्ट्रेस ने अपने इस लुक को फ्लॉन्ट करते हुए कैमरे के सामने ग्लैमरस पोज दिए हैं. इस फोटो में वैसे पोज दे रही हैं, जैसे किसी की राह देख रही हैं. इस लुक में हमेशा की तरह बेहद खूबसूरत और हॉट दिख रही हैं. सोशल मीडिया पर उनका ये नया लुक भी वायरल होने लगा है.

शमा की इस ग्लैमरस लुक को देखकर अंदाजा भी नहीं लगाया जा सकता कि वह 42 साल की हो चुकी हैं. आज भी एक्ट्रेस ने अपनी फिटनेस का पूरा ध्यान रखा है. शमा अपने हॉट लुक और परफेक्ट फिगर से बॉलीवुड की कई बड़ी और स्टाइलिश एक्ट्रेस को कड़ी टक्कर दे सकती हैं. अक्सर वह अपना कर्वी फिगर फ्लॉन्ट करते हुए फैंस के साथ नए लुक्स शेयर करती रहती हैं.

## 24 साल की मलयालम अभिनेत्री लक्ष्मीका सजीवन का दिल का दौरा पड़ने से शारजाह में निधन

फिल्म और टेलीविजन उद्योग में एक लोकप्रिय नाम मलयालम अभिनेत्री लक्ष्मीका संजीवन का शुक्रवार को संयुक्त अरब अमीरात के शारजाह में निधन हो गया। वह 24 साल की थीं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, अचानक दिल का दौरा पड़ने से उनकी मौत हो गई। वह कक्का में पंचमी के रूप में अपनी भूमिका के लिए लोकप्रिय हैं।

फिल्म और टेलीविजन उद्योग में एक लोकप्रिय नाम मलयालम अभिनेत्री लक्ष्मीका संजीवन का शुक्रवार को संयुक्त अरब अमीरात के शारजाह में निधन हो गया। वह 24 साल की थीं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, अचानक दिल का दौरा पड़ने से उनकी मौत हो गई। वह कक्का में पंचमी के रूप में अपनी भूमिका के लिए लोकप्रिय हैं, जो हाशिए पर रहने वाले समुदायों के संघर्षों के इर्द–गिर्द घूमती है। उनके निधन की खबर मॉलीवुड में सदमे की तरह आई।  उनकी आखिरी इंस्टाग्राम पोस्ट 2 नवंबर को थी जिसमें उन्होंने सूर्यास्त की एक खूबसूरत तस्वीर शेयर की थी। कैप्शन में उन्होंने लिखा, श्उम्मीद है। तमाम अंधेरे के बावजूद रोशनी।श उनकी असामयिक मृत्यु की खबर वायरल होने के तुरंत बाद, प्रशंसकों ने उनके आखिरी इंस्टाग्राम पोस्ट के कमेंट सेक्शन में बाढ़ ला दी।

# एक्टिंग के साथ साथ फिल्मों का निर्माण भी करेंगी समांथा

अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु ने हाल ही में अपना खुद का प्रोडक्शन हाउस ट्रालाला मूविंग पिक्चर्स लॉन्च किया है। उन्होंने इंस्टाग्राम पर लोगो क्लिप के साथ इसकी घोषणा की।

अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु ने हाल ही में अपना खुद का प्रोडक्शन हाउस ट्रालाला मूविंग पिक्चर्स लॉन्च किया है। उन्होंने इंस्टाग्राम पर लोगो क्लिप के साथ इसकी घोषणा की। इसके साथ उन्होंने कैप्शन में लिखा, ष्अपने प्रोडक्शन हाउस, त्रालाला मूविंग पिक्चर्स की घोषणा करते हुए बहुत उत्साहित हूं.. त्रालालामूविंगपिक्चर्स। त्रालाला मूविंग पिक्चर्स का लक्ष्य नए जमाने की अभिव्यक्ति और विचार का प्रतिनिधि कंटेंट तैयार करना है। एक पोषण स्थान जो उन कहानियों को आमंत्रित और प्रोत्साहित करता है जो हमारे सामाजिक ताने–बाने की ताकत और जटिलता को बयां करती हैं। और फिल्म निर्माताओं के लिए ऐसी कहानियां बताने का एक मंच जो सार्थक, प्रामाणिक और सार्वभौमिक हैं। उन्होंने आगे कहा जैसे ही यह खबर सामने आई, मशहूर हस्तियों और प्रशंसकों ने उन्हें उनके नए उद्यम के लिए शुभकामनाएं दीं। सामंथा रुथ प्रभु दक्षिण भारतीय सिनेमा की सबसे ग्लैमरस अभिनेत्रियों में से एक हैं। अभिनेत्री जो इस समय मायोसिटिस के इलाज के लिए काम से छुट्टी पर हैं, एक दुर्लभ सार्वजनिक उपस्थिति में दिखीं और पैपराजी को हाथ हिलाते हुए देखा गया। सामंथा रुथ प्रभु को आखिरी बार विजय



देवराकोंडा के साथ कुशी में देखा गया था। उन्होंने आराध्या की भूमिका निभाई। यह एक अज्ञेयवादी परिवार के एक युवक की कहानी बताती है जिसे अपने पिता के कट्टर प्रतिद्वंद्वी, एक कट्टर हिंदू नेता की बेटी से प्यार हो जाता है। फिल्म को मिश्रित समीक्षा मिली। शिव निर्वाण द्वारा निर्देशित कुशी में सचिन खेडेकर, सरन्या पोनवन्नन और मुरली शर्मा ने भी सहायक भूमिकाएँ निभाईं। अभिनेत्री ने हाल ही में वरुण ध ावन के साथ श्सिटाडेलश की भारतीय किस्त पूरी की है। शो का प्रीमियर प्राइम वीडियो पर होगा। इस साल की शुरुआत में, प्रियंका चोपड़ा

# 370 पर सुप्रीम कोर्ट का निर्णय स्वागत योग्य



ब्यूरो
देवरिया (उ0प्र0) देवरिया जिले मे केन्द्र की मोदी सरकार द्वारा जम्मू कश्मीर से 370 हटाने के निर्णय को सुप्रीम कोर्ट द्वारा सही करार देने पर भाजपा तथा किसान मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने कोऑपरेटिव चौराहे पर खुशी का इजहार किया।इस दौरान जिलाउपाध्यक्ष भाजपा गंगा कुशवाहा ने कहा कि मोदी सरकार द्वारा जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 को समाप्त करने के फैसले को आज सुप्रीम कोर्ट ने हरी झंडी दिखाते हुये फैसले को सही ठहराया और कहा भारत सरकार का फैसला बना रहेगा, यह एक न एक दिन होना ही था।सुप्रीम कोर्ट के फैसले से जम्मू कश्मीर की महबूबा मुफ्ती, गुलाम नबी आजाद, और फारुख एवं उमर अब्दुल्ला परिवार के साथ कुछ तथाकथित नेताओं के द्वारा 370 हटाए जाने के भारी विरोध को आज मुँह की खानी पड़ी हैं, इन नेताओं ने धारा 370 हटाए जाने का पुरजोर विरोध किया था और जम्मू कश्मीर मे माहौल बिगड़ने की धमकी तक दी थी।

भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष पवन कुमार मिश्रा ने कहा कि अपने फैसले मे सुप्रीम कोर्ट ने साफ तौर पर कहा कि भारत में विलय के बाद जम्मू कश्मीर संप्रभु राज्य नहीं रहा। कोर्ट ने माना है कि इसकी आंतरिक संप्रभुता नहीं है, साथ ही जहां तक अनुच्छेद 370 का सवाल है, सुप्रीम कोर्ट ने इसे संघवाद की विशेषता बताया है न कि संप्रभुता का। याचिकाकर्ताओं का मानना था कि 370 एक स्थाई प्रावधान है पर सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में कहा है कि आर्टिकल 370 एक अस्थायी प्रावधान है।कोर्ट ने फैसले में सितंबर 2024 तक राज्य में चुनाव कराने राज्य का दर्जा देने का आदेश दिया है सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला स्वागत योग्य है।इस दौरान रामअशीष प्रसाद, दुर्गेश पाण्डेय,अम्बिकेश पाण्डेय,राजेश कुशवाहा,अजय दूबे वत्स,सूरज पटेल,पप्पू तिवारी,संदेश,अरविन्द आदि रहे।

# कृषि मंत्री ने नगर पंचायत हेतिमपुर के कार्यालय भवन के साथ विभिन्न कालेजों की फाइबर कटिंग कराई



ब्यूरो

देवरिया (उ0प्र0) देवरिया जिले के हेतिमपुर मे नव सृजित नगर पंचायत हेतिमपुर के कार्यालय भवन एवं विभिन्न मंडलों का शिलान्यास उत्तर प्रदेश सरकार में कृषि मंत्री व पथरदेवा के नेतृत्व में नेता प्रतिपक्ष ने कार्यक्रम हेतिमपुर बाजार सचिवालय में कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने सोमवार को किया। कार्यक्रम में शामिल होने के लिए श्री रॉयल ने कहा कि आठ नगर पंचायतें पंचायत जिले में शामिल हुई थीं, चार नगर पंचायतें सिर्फ और सिर्फ पथरदेवा विधान सभा में साझीदार बनी हैं। केंद्र व उद्यमियों द्वारा विभिन्न योजनाओं का विस्तार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हेतिमपुर नगर पंचायत प्रदेश का आदर्श पंचायत नगर है। कार्यक्रम में कुल आठ करोड़ सात लाख सहित विभिन्न उपकरणों की लागत का निर्धारण किया गया। मुख्य अतिथि कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संकल्प है कि गांव के लोगों को गांव के परिवेश से बाहर शहरी सुख–सुविधा उपलब्ध करायी जाये। तथा प्रदेश की भाजपा सरकार बिनाभेदभाव समाज के हर वर्ग का समानविकास करने का कार्य कर रही है। इसी के लिए जनता ने हाल ही में तीन राज्यों में प्रचंड बहुमत से जीत हासिल कर सेवा का अवसर दिया है। कार्यक्रम के आयोजक नगर पंचायत अध्यक्ष अचल यादव ने सभी छात्रावासों को अंगवस्त्र से सम्मानित किया प्रोग्राम को अंबुज रॉयल, डॉ विनय कुमार राव, डॉ. विनय कुमार राव, अंबुज रॉयल, कृष्णनाथ राय आदि ने भी दिखाया मंच ऑपरेशन विक्ट्रीवे ने किया इस दौरान हेतिमपुर नगर के पंचायत समिति सदस्य और भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे

# सुदामा इंटरमीडिएट कालेज में वार्षिकोत्सव का आयोजन

संवाददाता।

देवरिया के सुदामा इंटरमीडिएट कॉलेज की तत्वाधान में हर साल की भांति इस साल भी वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। आयोजन की शुरुवात दीप प्रजवलित कर की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे भारतीय आवाम एकता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष कौशल पांडेय। कार्यक्रम में भव्य रूप से झांकी की प्रस्तुति की गई। जिसको लोगों ने खूब सराहा। कार्यक्रम में छात्र–छात्राओं का विशेष योगदान रहा। भारतीय पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष कौशल पांडे ने बताया कि हमें आप लोगों की सहयोग की आवश्यकता है। अगर हमारी बात एवं हमारी शर्तो को बीजेपी सरकार नहीं सुनती है तो हम मजबूती के साथ चुनाव लड़ेंगे और बीजेपी से समर्थन वापस लेंगे। वहीं भारतीय आवाम एकता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव प्रहलाद सिंह ने कहा कि हमारी पार्टी की शुरुआत 2018 में हुई थी। आज हम उस मुकाम पर हैं जहाँ हमारे पार्टी के साथ हर वर्ग के लोग जुड़े हैं। यही एक ऐसी पार्टी है जो हर वर्ग के लोगों को लेकर चलने का काम कर रही है। और उनके हितों के बारे में विचार कर रही है।



# प्रेमिका से फोन पर बात कर युवक ने खाया जहर, मौत

## – चिल्ला कस्बे का मामला, पुलिस ने कराया शव का पोस्टमार्टम

संवाददाता।

बांदा । राजमिस्त्री का काम करने वाला विवाहित युवक काम पूरा करने के बाद रविवार की रात को घर लौटा। वहा उसने प्रेमिका से फोन पर बात करने के बाद जहरीला पदार्थ खा लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ गयी। परिजन उसे अस्पताल ले गये। वहा उसकी मौत हो गयी। पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम कराया है। चिल्ला कस्बा निवासी जसवंत सिंह (28) पुत्र केदार सिंह पेशे से राजमिस्त्री था। उसका पड़ोस में ही रहने वाली एक युवती से प्रेम–प्रसंग चल रहा था। जसवंत की शादी हो चुकी है रविवार की रात को शहर से काम निपटाने के बाद वह अपने घर पहुंचा। घर में रहकर प्रेमिका से फोन पर बात की। इसी बात को लेकर दोनों के बीच तकरार हो गयी। इसके बाद जसवंत ने जहरीला पदार्थ खा लिया। जिससे उसकी मौत हो गयी। परिवार के लोगों ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया। वहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गयी। मृतक के भतीजे अनुज सिंह ने कहा कि प्रेम–प्रसंग के चलते जसवंत ने जहरीला पदार्थ खाकर खुदकुशी की है। मृतक के एक बेटी भी है।

# मंडलीय खेलकूद प्रतियोगिता तैयारियों की आयुक्त ने की समीक्षा

## – आगामी 13 दिसंबर को आयोजित होंगी प्रतियोगिताएं

संवाददाता।

बांदा। चित्रकूटधाम मंडलायुक्त ने बैठक कर 13 दिसंबर को बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत 'नारी शक्ति समागम' मंडलीय खेलकूद प्रतियोगिता तैयारियों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी। कहा कि प्रतियोगिता कोलेकर सभी तैयारियां समय से पूरी कर ली जाएं। प्रतिभागी बच्चों को लाने और ले जाने के लिए बसों की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।मयूर भवन सभागार में सोमवार को आयोजित बैठक में आयुक्त बालकृष्ण त्रिपाठी ने बताया कि 13 दिसंबर को पुलिल लाइन ग्राउंड में प्रतियोगिता आयोजित होगी। माध्यमिक एवं बेसिक विद्यालयों की छात्राओं की सीनियर एवं जूनियर वर्ग में आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में वालीवाल, बैडमिंटन, कबड्डी, एथलेटिक्स, ऊंची कूद एवं शूटिंग आदि प्रतियोगिता होगी। प्रतिभागी बच्चों को लाने और ले जाने के लिए उनके कोच सहित बसों की अच्छी व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के लिए संभागीय परिवहन अधिकारी को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी बच्चे निर्धारित ड्रेस कोड में ही संबंधित जनपदों से आएंगे। उन्होंने सभी प्रतिभागी बच्चों की खेलकूद प्रतियोगिता के अनुसार सूची तैयार करने के साथ सभी प्रतियोगिताओं को निर्धारित समय सुबह 10 बजे से प्रारंभ करने, बच्चों के जलपान एवं लंच की समुचित व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रतिभागी इस प्रतियोगिता में दो खेलों में भी प्रतिभाग कर सकते हैं। आयुक्त ने मुख्य चिकित्साधिकारी को कार्यक्रम स्थल पुलिस लाइन में एंबुलेंस सहित महिला चिकित्सकों की तैनाती करने के निर्देश दिए। प्रतियोगिता स्तर पर साफ–सफाई, मोबाइल शौचालय, दमकल वाहन, पानी की टैंकर आदि समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही ट्रैफिक व सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस कर्मियों की तैनाती के भी निर्देश दिए गए। आयुक्त ने कुल मिलाकर प्रतियोगिताएं संपन्न कराने के लिए सभी संभव व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। बैठक में जिलाधिकारी दुर्गाशक्ति नागपाल, संयुक्त विकास आयुक्त अनिल कुमार, मुख्य विकास अधिकारी वेद प्रकाश मौर्य, अपर पुलिस अधीक्षक लक्ष्मी निवास मिश्रा, उप निदेशक महिला कल्याण पुष्पेन्द्र सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट, उप जिलाधिकारी सदर सहित मंडल के डीपीओ, डीआईओएस, बीएसए एवं खेलकूद अधिकारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# प्रतियोगिताएं आयोजित कर मतदाताओं को करें जागरूक– एडीएम

## –अपर जिलाधिकारी ने डीआईओएस को दिए प्रचार–प्रसार कराने के निर्देश

बांदा। मतदाताओं को जागरूक करने के लिए प्रतियोगिताओं का आयोजन कराया जाए। मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता कार्यक्रम स्वीप के अंतर्गत विभिन्न माध्यमों से प्रचार प्रसार कराए जाने के क्रम में खासकर युवा मतदाताओं को पंजीकरण जागरूक किए जाने के लिए राज्य स्तरीय आनलाइन पोस्टर, स्लोगन प्रतियोगिता का शुभारंभ किया जा चुका है। आनलाइन पोस्टर एवं स्लोगन प्रतियोगिता का विषय नैतिक मतदाता व मतदान प्रतिशत बढ़ाना हैं।

एडीएम उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता कार्यक्रम के अंतर्गत युवा मतदाताओं को जागरुक करने के उद्देश्य से और प्रचार प्रसार करने के क्रम में आनलाइन पोस्टर और स्लोगन प्रतियोगिता बीते 8 दिसंबर से शुरू होकर 8 जनवरी तक जारी रहेगी। उन्होंने बताया कि आनलाइन पोस्टर, स्लोगन प्रतियोगिता में 19 से 20 आयु वर्ग के युवा मतदाता एवं सभी दिव्यांग मतदाता श्रेणी की होगी और पुरुस्कार के लिए वहीं पात्र होंगे जिनका नाम 5 जनवरी को अंतिम प्रकाशित मतदाता सूची में दर्ज होगा। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में निर्वाचन विभाग संबंधित किसी कर्मचारी, अधिकारी एवं उनके परिवार के सदस्यों द्वारा प्रतिभाग नहीं किया जा सकेगा। चयन समिति के माध्यम से विजेताओं का चयन किया जाएगा। प्रदेश स्तर पर विजेताओं को आगामी राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 जनवरी के अवसर पर सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पुरस्कार की घोषणा 20 जनवरी को होगी। एडीएम ने स्वीप सह नोडल अधिकारी जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देश दिए है कि लांच की गई आनलाइन प्रतियोगिताओं का युवा मतदाताओं एवं दिव्यांग मतदाताओं के मध्य जनपद के सभी स्कूल, कॉलेजों, तकनीकि संस्थाओं में अपने स्तर से तथा अन्य विभिन्न माध्यमों से व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार कराना सुनिश्चित करें, ताकि अधिक से अधिक पात्र मतदाताओं द्वारा प्रतियोगिता में प्रतिभाग कराया जा सके।

# कार्यशाला में जल जीवन मिशन पर लोगों को किया जागरूक

## –ब्लाक सभागार में जागरूकता कार्यशाला आयोजित

संवाददाता।

नरैनी। जल जीवन मिशन योजना के तहत आयोजित जन जागरूकता कार्यशाला में लोगों को जल जीवन मिशन के बारे में जानकारी दी गई। इसमें ग्राम पंचायतों के प्रतिनिधियों ने बढ़चढ़कर भागीदारी की। बताया गया कि सभी गांवों में हर घर नल से जल पहुंचाने की जिम्मेदारी गांवों में गठित जल स्वच्छता समितियों की है। ब्लॉक सभागार में सोमवार को जेपी मेमोरियल ट्रस्ट उत्तर प्रदेश जल निगम ग्रामीण द्वारा एक दिवसीय जन जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में ब्लॉक प्रमुख मनफूल सिंह पटेल ने अपने संबोधन में बताया कि सरकार की इस दूरदर्शी योजना को शासन और समुदाय के सहयोग से संचालित किया जाना है, इसलिए कार्यशाला में प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद सभी प्रतिभागी अपने–अपने गांव जाकर योजना निर्माण एवं इसके क्रियान्वयन और मूल्यांकन में सहयोग करें। सरकार द्वारा योजना के लिए तकनीकी और वित्तीय सहयोग प्रदान किया जायेगा। उन्होंने कहा कि सभी गांवों में हर घर नल से जल पहुंचाने की जिम्मेदारी गांवों में गठित जल स्वच्छता समितियों की है। कार्यशाला में मुख्य वक्ता हरिभान सिंह व बसंत लाल ने बताया कि यह मिशन पूर्ण रूप से मांग आधारित, समुदाय आधारित विकेंद्रीकरण तथा समयबद्ध है।एफटीके की उपयोगिता एवं जल परीक्षण आदि की जानकारी अभिषेक ने दी। कार्यशाला का प्रबंधन आनंद प्रताप सिंह द्वारा किया गया। सहयोगी के रूप में रोशनी, सुरेश, सुधीर आदि रहे। प्रशिक्षण के अंतिम सत्र में दुष्यंत सिंह ने आवश्यक जानकारियां दी। कार्यशाला में ब्लॉक क्षेत्र की ज्यादातर ग्राम पंचायतों के ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य, आशा एवं आंगनवाड़ी कार्यकत्रियां, पेयजल स्वच्छता समिति के सदस्यों सहित लगभग दो सौ लोगों ने प्रतिभाग किया।

# खाद के लिए परेशान अन्नदाता, भाकियू ने किया प्रदर्शन

## – खाद की कालाबाजारी करने का लगाया आरोप

संवाददाता।

अतर्रा। डीएपी खाद की किल्लत व प्राइवेट दुकानदारों द्वारा की जा रही खाद की कालाबाजारी को लेकर भारतीय किसान यूनियन आंदोलन हो गई है। इसी मुद्दे को लेकर भारतीय किसान यूनियन (अरा) के बैनर तले पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने किसानों के साथ तहसील परिसर में धरना देकर विरोध–प्रदर्शन किया। एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर खाद की कालाबाजारी पर रोक के साथ बारिश से जलमग्न हुई किसानों के धान की फसल का मुआवजा दिलाए जाने की मांग की।

भारतीय किसान यूनियन तहसील अध्यक्ष सुशील चौरिहा की अगुवाई में सोमवार को पदाधिकारी व किसानों में तहसील पहुंचकर नारेबाजी करते हुए खाद की कालाबाजारी को लेकर विरोध–प्रदर्शन किया। उप जिलाधिकारी रावेंद्र सिंह को संबोधित पांच सूत्रीय मांगों का ज्ञापन तहसीलदार रामचंद्र सिंह को सौंपा। इसमें कहा है कि रबी की फसल की बुवाई का समय चल रहा है। लेकिन सरकारी समितियां में डीएपी खाद उपलब्ध नहीं है। किसान खेत के बजाए समितियों के चक्कर लगा रहा है। बुआई पिछड़ने के साथ किसानों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मजबूरी में किसान दुकानदारों के यहां महंगी खाद खरीदने को मजबूर हैं। किसान यूनियन ने खाद की कालाबाजारी पर तत्काल कार्रवाई करते हुए अंकुश लगाने की मांग की। साथ ही तहसील में धान खरीद के लिए खुले केंद्रों में पल्लेदार द्वारा टोल मिल कटौती के साथ किसानों ने बारिश में जल मग्न हुई किसानों की फसल का मुआवजा दिए जाने सहित अतर्रा फसल उत्पादन मंडी समिति द्वारा मंडी का लाइसेंस लेकर बाहर व्यापार कर रहे लोगों पर अंकुश लगाने की मांग की। जिला अध्यक्ष महेंद्र त्रिपाठी ने चेतावनी दी कि खाद की कालाबाजारी न रुकी तो किसान सड़कों पर उतर कर आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। इस दौरान जिला मीडिया प्रभारी अरुण पांडेय, तुलसा, जितेंद्र कुमार, राजनारायण चौरिहा समेत तमाम पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# रोटावेटर से कटकर खेत में युवक की मौत

## –बबेरू कोतवाली क्षेत्र के सातर गांव का मामला

संवाददाता।

बांदा। रोटावेटर से खेत साफ करा रहा युवक अचानक चपेट मे आ गया। रोटावेटर से कटकर युवक की खेत में मौके पर ही मौत हो गयी। खबर पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।बबेरू कोतवाली क्षेत्र के एक सातर गांव निवासी शुभम सिंह (20) पुत्र विजयबहादुर रविवार की शाम को ट्रैक्टर के जरिये रोटावेटर से खेत में लगी खरपतवार साफ करा रहा था। इसी दौरान वह रोटावेटर की चपेट में आ गया। जिससे कटकर उसकी मौत हो गयी। यह देखकर परिवारीजनों में कोहराम मच गया। मृतक तीन भाइयों में दूसरे नम्बर का था। पिता के नाम 25 बीघा जमीन है। पुलिस ने शव को पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

# गोरखगिरी पर्वत पर हो सकता विश्व स्तरीय आगमशास्त्र संस्कृति सम्मेलन

## –सांसद पुष्पेंद्र चंदेल ने संसद में उठाया तारांकित प्रश्न, केंद्र सरकार ने स्वीकारा

## –केंद्रीय संस्कृति मंत्री समेत अन्य सांसदों ने हमीरपुर सांसद को जमकर सराहा

बांदा। प्रधानमंत्री के पंचप्रण में से एक विरासत पर गर्व करने की प्रक्रिया को आगे बढ़ाते हुए हमीरपुर–महोबा–तिंदवारी के सांसद पुष्पेंद्र सिंह चंदेल ने पूरक प्रश्न उठाते हुए महोबा के गोरखगिरी पर्वत पर विश्व स्तरीय आगमशास्त्र संस्कृति सम्मेलन आयोजित करने की मांग रखी। जिस पर सदन में जवाब देते हुए केंद्रीय संस्कृति मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने सम्मेलन कराए जाने पर सकारात्मक विचार करने का भरोसा दिलाया और सांसद के पूरक प्रश्न की जमकर सराहना की।

आगमशास्त्र और पांडुलिपियों के अनुवाद को संकलित करने के लिए महोबा के गोरखागिरी पर्वत पर विश्व स्तरीय संस्कृति सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। ऐसे संकेत हमीरपुर–महोबा–तिंदवारी के सांसद पुष्पेंद्र सिंह चंदेल के पूरक प्रश्न के जवाब में केंद्रीय संस्कृति मंत्री ने सदन में दिए हैं। सांसद श्री चंदेल ने सदन में सवाल उठाते हुए कहा कि नाथ संप्रदाय के वाहक गुरु गोरखनाथ की तपोभूमि महोबा स्थित गोरखगिरी पर्वत पर मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम भी वनवास के समय कुछ समय तक रहे हैं। ऐसे में समूचे विश्व से आगमशास्त्र और पांडुलिपियों के अनुवाद को संकलित करने के लिए महोबा में विश्वस्तरीय

# मालगाड़ी का धक्का लगने से युवक की मौत

## – मटौंध थाना क्षेत्र के भूरागढ़ में हुई दुर्घटना

संवाददाता।

बांदा। मजदूरी करने के बाद रेलवे ट्रैक पर खड़ा युवक रविवार की शाम मालगाड़ी की चपेट में आ गया। गम्भीर रूप से घायल हो जाने के कारण उसकी मौके पर मौत हो गयी। पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम कराया है।

मटौंध थाना क्षेत्र के भूरागढ़ निवासी अमर निषाद (28) पुत्र गरीब निषाद रविवार की शाम को मजदूरी करने के बाद अपने घर पहुंचा। इसके बाद वह रेलवे ट्रैक पर पहुंच गया। वहां से गुजरी मालगाड़ी का धक्का लग जाने के कारण अमर निषाद गम्भीर रूप से घायल हो गया। उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। मृतक तीन भाइयों में छोटा था, अभी तक उसकी शादी नही हुई। अचानक हुई घटना से परिवारीजनों का रो–रोकर बुरा हाल है।

# उमंगोत्सव संगीत संध्या में भजनों पर झूमे अधिवक्ता

संवाददाता। बांदा। जिला अधिवक्ता संघ के तत्वाधान में आयोजित संगीत संध्या उमंगोत्सव–2023 रंगारंग कार्यक्रम में अधिवक्ता जमकर झूमे नाचे। एडीजे ने गजल गाकर अपनी गायकी का हुनर दिखाया। अधिवक्ताओं ने गायकी के साथ चुटकुले सुनाकर जमकर मनोरंजन किया। हार्पर क्लब में रविवार की रात जिला अधिवक्ता संघ का संगीत संध्या उमंगोत्सव–2023 रंगारंग कार्यक्रम आयोजित हुआ। चित्रकूट के भजन गायक सोनू त्रिपाठी रामजी ने अपनी शानदार आवाज से कार्यक्रम में समा बांध दिया। साधना, भजन, गजल एवं गीतों की झडी लग गई। अधिवक्ताओं एवं मुख्य अतिथियों की मौजूदगी शानदार रहीं। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जिला जज मोटर दुर्घटना एवं एडीजे हेमंत कुमार सिंह उपस्थित रहे। उन्होंने अपनी गायकी का जो हुनर दिखाया उससे समूचा वातावरण तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। इस दौरान अधिवक्ताओं ने भी गायकी एवं चुटकुले सुनाकर कार्यक्रम को और रंगीन बना दिया।

# लोडर की टक्कर से बाइक सवार तीन घायल

संवाददाता।

बांदा। कमासिन थाना क्षेत्र के राछा गांव निवासी देवराज (42) पुत्र गज्जी, भतीजा देवीदयाल (30) और देवचरण (20) पुत्रगण फूलचंद्र बाइक में बैठकर ओरन जा रहे थे। मझीवां गांव के पास लोडर ने टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार तीनों लोग घायल हो गये

हिन्दी दैनिक विजडम इंडिया
स्वामी,मुद्रक एवं प्रकाशक श्री शील कुमार शुक्ला द्वारा हिन्दुस्तान समाचार फीचर सेवा लि0 ,94, एम0जी0 मार्ग, हजरतगंज, लखनऊ से छपवाकर 633/387,गेहमर कुंज कालोनी, फैजाबाद रोड, चिनहट, लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित।
सम्पादक–शील कुमार शुक्ला
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।